हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

कई राज्यों में छत्तीसगढ़ से अधिक महंगाई

राज्यवार आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में तमिलनाडु में महंगाई दर 6.81 प्रतिशत, ओडिशा में 6.70 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 6.68 प्रतिशत रही। तेलंगाना में यह 6.64 प्रतिशत और आंध्रप्रदेश में 6.29 प्रतिशत दर्ज की गई। इन सभी राज्यों की महंगाई दर छत्तीसगढ़ से अधिक रही। इसके विपरीत, मिजोरम में महंगाई दर 2.85 प्रतिशत, नागालैंड में 3.22 प्रतिशत और मेघालय में 3.59 प्रतिशत रही। छत्तीसगढ़ की 5 प्रतिशत महंगाई दर राष्ट्रीय औसत से कम होने के साथ कई राज्यों की दर से भी नीचे रही।

राज्यों की महंगाई दर

सितंबर-2026

संयुक्त (ग्रामीण + शहरी) खुदरा महंगाई दर, प्रतिशत में। सूची अधिक से कम दर के क्रम में है।

राज्य	महंगाई दर-
तमिलनाडु	6.81%
ओडिशा	6.70%
मध्य प्रदेश	6.68%
तेलंगाना	6.64%
आंध्रप्रदेश	6.29%
उत्तरप्रदेश	6.08%
कर्नाटक	5.86%
राजस्थान	5.71%
बिहार	5.48%
उत्तराखंड	5.47%
केरल	5.26%
पंजाब	5.27%
महाराष्ट्र	5.18%
गुजरात	5.11%
मणिपुर	5.10%
झारखंड	5.02%
छत्तीसगढ़	5.00%
सिक्किम	4.83%
असम	4.62%
हरियाणा	4.37%
हिमाचल प्रदेश	4.02%
पश्चिम बंगाल	4.04%
त्रिपुरा	3.96%
गोवा	3.92%
अरुणाचल प्रदेश	3.70%
मेघालय	3.59%
नागालैंड	3.22%
मिजोरम	2.85%

राष्ट्रीय औसत 5.54%। सभी दरें अनंतिम हैं।

राज्यों में तमिलनाडु, ओडिशा और मध्यप्रदेश में अधिक रही महंगाई

सितंबर में देश की खुदरा महंगाई 5.54% पर पहुंची, छत्तीसगढ़ में 5%

हाय महंगाई...छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय औसत से कम, पर कई राज्यों से अधिक, इसमें भी गांवों पर ज्यादा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

देश में इस समय महंगाई बढ़ने को लेकर शोर-शराबा और बेचैनी है तथा इससे सभी वर्ग प्रभावित हुए हैं। देश में खुदरा महंगाई दर सितंबर 2026 में बढ़कर 5.54 प्रतिशत हो गई। अगस्त में यह 4.83 प्रतिशत थी। इस दौरान छत्तीसगढ़ में भी महंगाई दर बढ़ी, लेकिन सितंबर में यह 5 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत से 0.54 प्रतिशत अंक कम है। केंद्र सरकार की ओर से जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है, लेकिन इसमें दिलचस्प और गंभीर ये है कि छत्तीसगढ़ में शहरों ⏭शेष पेज 2 पर



ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा महंगाई

छत्तीसगढ़ में ग्रामीण महंगाई दर शहरी क्षेत्रों से 1.64 प्रतिशत अंक अधिक रही। अगस्त में ग्रामीण महंगाई दर 4.12 प्रतिशत और शहरी महंगाई दर 3.14 प्रतिशत थी। सितंबर में दोनों क्षेत्रों में महंगाई बढ़ी, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धि अधिक रही। देश में खाद्य महंगाई दर भी अगस्त के 5.97 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर में 7.74 प्रतिशत हो गई। हालांकि, यह राष्ट्रीय स्तर का आंकड़ा है। इससे छत्तीसगढ़ में खाद्य महंगाई की दर का सीधे अनुमान नहीं लगाया जा सकता। सितंबर के आंकड़े अनंतिम हैं। ये आंकड़े उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में कीमतों में बदलाव को दर्शाते हैं। इसीलिए महंगाई दर का अर्थ यह नहीं है कि सभी वस्तुओं की कीमतें समान अनुपात में बढ़ी हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई निर्णय, कुछ योजनाओं का बदला नाम

रेलवे कर्मियों को दिवाली का बड़ा तोहफा, मिलेगा 78 दिन का बोनस

केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को तीन बड़े फैसलों का ऐलान किया। इन फैसलों में रेलवे कर्मचारियों को सरकार ने त्योहारों से पहले बड़ी सौगात दी है। कैबिनेट ने लगभग 11,40,770 रेलवे कर्मचारियों के लिए प्रदर्शन-आधारित बोनस को मंजूरी दी है। यह बोनस 78 दिनों के वेतन के बराबर होगा। इसके अलावा कैबिनेट ने आईडीबीआई बैंक में सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम की कुल 60.72 प्रतिशत रणनीतिक हिस्सेदारी बेचने के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11,40,770 रेल कर्मचारियों को 78 दिन के उत्पादकता आधारित बोनस के भुगतान को मंजूरी दी है। सरकार ने बुधवार को बताया कि कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिए जाने वाले इस बोनस पर 2,009.61 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पात्र रेल कर्मचारियों को उत्पादकता आधारित बोनस (पीएलबी) का भुगतान हर साल 'दुर्गा पूजा' और 'दशहरा' की छुट्टियों से पहले किया जाता है। सरकार ने कहा, इस साल भी करीब 11.40 लाख गैर-राजपत्रित रेल कर्मचारियों को 78 दिन के वेतन के बराबर पीएलबी दिया जा रहा है। यह बोनस रेल ⏭शेष पेज 2 पर

देशभर के करीब 11.40 लाख रेल कर्मियों को मिलेगा फायदा



योजनाओं से हटा इंदिरा गांधी का नाम

सरकार ने तीन पेंशन योजनाओं से इंदिरा गांधी का नाम हटाकर उनमें प्रधानमंत्री शब्द जोड़ने का फैसला किया है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना का नाम बदल गया।

आईडीबीआई बैंक में 60.72 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी सरकार

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आईडीबीआई बैंक में 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स लिमिटेड को 52,878.08 करोड़ रुपए में बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। एयर इंडिया की बिक्री के बाद यह देश का सबसे बड़ा रणनीतिक विनिवेश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में यह निर्णय किया गया। यह फैसला पांच साल से अधिक समय से चल रही विनिवेश प्रक्रिया को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सरकार ने बयान में कहा, ⏭ शेष पेज 2 पर

पांच मैनपावर कंपनियों को किया गया अतिरिक्त भुगतान

183 करोड़ का घोटाला, त्रिपाठी समेत दो के खिलाफ चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीएसएमसीएल के 182.98 करोड़ रुपए के मैनपावर भुगतान घोटाले में सीएसएमसीएल के तत्कालीन एमडी अरुणपति त्रिपाठी तथा मैनपावर एजेंसी बीआर लोहिया के खिलाफ ईओडब्लू, एसीबी की स्पेशल कोर्ट में बुधवार को पूरक चालान पेश किया गया। लोहिया की फरारी में चालान पेश किया गया है। शासकीय शराब दुकानों के कर्मचारियों के नाम पर पांच मैनपावर एजेंसियों को अतिरिक्त भुगतान करने का आरोप है। एपी त्रिपाठी न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है। पूरक चालान पेश करते हुए जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया है कि शासकीय शराब दुकानों के कर्मचारियों के नाम पर मैनपावर एजेंसियों को अतिरिक्त भुगतान कराने और कर्मचारियों को राशि दिए बिना उसका हिस्सा कमीशन के ⏭शेष पेज 2 पर



एपी त्रिपाठी



बीआर लोहिया

खास खबर

इन पांच कंपनियों को अतिरिक्त भुगतान

शराब दुकानों में मैनपावर उपलब्ध कराने के लिए एजेंसी सुमीत फैसिलिटीज लिमिटेड, प्राइमवन वर्कफोर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-टू-जेड इन्फ्रासर्विसेस लिमिटेड, अलर्ट कमांडोज प्राइवेट लिमिटेड और ईगल हंटर सॉल्यूशन लिमिटेड को वर्ष 2019 में दिया गया था। सेवा शर्तों के मुताबिक कर्मचारियों को नियमित वेतन के अलावा ओवरटाइम, बोनस और चार अतिरिक्त दिनों के कार्य के भुगतान का प्रावधान किया गया। एजेंसियों को पहले यह रकम कर्मचारियों को देनी थी और उसके बाद सीएसएमसीएल से उसका भुगतान प्राप्त करना था। इसके विपरीत एजेंसियों ने कर्मचारियों को रकम दिए बिना अथवा वास्तविक भुगतान से अधिक रकम दिखाकर देयक प्रस्तुत किए और सीएसएमसीएल से भुगतान प्राप्त किया।



पेज 1 का शेष

हाय महंगाई...

के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्र में महंगाई अधिक बढ़ी है। यानी इसका बोझ गांवों में रहने वालों पर अधिक हुआ है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 12 अक्टूबर को सितंबर के महंगाई संबंधी आंकड़े जारी किए। रिपोर्ट के अनुसार, देश में ग्रामीण महंगाई दर 6.08 प्रतिशत और शहरी महंगाई दर 4.88 प्रतिशत रही। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण क्षेत्रों की महंगाई दर 5.56 प्रतिशत, जबकि शहरी क्षेत्रों में 3.92 प्रतिशत दर्ज की गई।

रेलवे कर्मियों को ...

कर्मचारियों को रेलवे के प्रदर्शन में सुधार के लिए काम करने को प्रोत्साहित करता है। सरकार ने कहा, प्रत्येक पात्र रेल कर्मचारी को 78 दिन के लिए अधिकतम 17,951 रुपए का भुगतान किया जाएगा। यह राशि रेलवे के विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों को दी जाएगी। इनमें ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन सहायक, पॉइंट्समैन, मंत्रालयी कर्मचारी और समूह 'सी' के अन्य कर्मचारी शामिल हैं।

आईडीबीआई बैंक ...

इस सौदे के पूरा होने पर हमारी अर्थव्यवस्था में वित्तीय क्षेत्र में अबतक का सबसे सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी संवाददाताओं को आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक पुनर्गठन पर मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी दी। इस रणनीतिक पुनर्गठन के बाद आईडीबीआई बैंक में भारत सरकार की 15 प्रतिशत और एलआईसी की 19 प्रतिशत रह जाएगी। सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम की संयुक्त रूप से 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी की प्रस्तावित बिक्री से बैंक का नियंत्रण फेयरफैक्स के पास चला जाएगा। हालांकि, यह सौदा पूरा होने और आवश्यक नियामकीय मंजूरियां मिलने पर निर्भर करेगा। सरकार ने बयान में कहा, मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने इस सौदे के लिए मेसर्स 10955230 कनाडा इंक (मूल कंपनी मेसर्स फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स लिमिटेड) को रणनीतिक खरीदार के रूप में मंजूरी दी है। कंपनी 52,877.08 करोड़ रुपये के खरीद मूल्य पर आईडीबीआई बैंक में 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी।

183 करोड़ का ...

रूप में लेने के उन्हें साक्ष्य मिले हैं। जांच एजेंसी ने प्रवर्तन निदेशालय से प्राप्त प्रतिवेदन के सत्यापन के बाद पांच अक्टूबर 2024 को अपराध पंजीबद्ध किया था। प्रकरण में नवीन प्रताप सिंह तोमर, अनवर ढेबर, मैनपावर एजेंसियों के संचालकों और अन्य संबंधित व्यक्तियों सहित 12 आरोपियों के खिलाफ 18 मई 2026 को प्रथम चालान प्रस्तुत किया जा चुका है। आगे की विवेचना में अरुणपति त्रिपाठी और बीआर लोहिया की संलिप्तता के साक्ष्य मिलने पर उनके खिलाफ पूरक चालान पेश किया गया है।

नियम, शर्तों में परिवर्तन -अरुणपति त्रिपाठी नौ मई 2019 से 13 मई 203 तक सीएमसीएल का एमडी रहा। उसके पास निगम के प्रशासनिक और वित्तीय कार्यों, निविदा तथा मैनपावर एजेंसियों के देयकों को अनुमोदित करने के अधिकार थे। जांच में पाया गया कि अनवर ढेबर के कहने पर उसने निविदा की शर्तों में परिवर्तन कराया और कर्मचारियों के नाम पर अतिरिक्त भुगतान कराकर उसका हिस्सा कमीशन के रूप में लेने की व्यवस्था लागू कराई।

प्रति माह 70 से 80 लाख कमीशन -एजेंसियों से नकद कमीशन एकत्र कर अरुणपति त्रिपाठी तक पहुंचाने का काम सिद्धार्थ सिंघानिया करता था। उसने अपने कथन में बताया कि सभी एजेंसियों से मिलाकर लगभग 70 से 80 लाख रुपए प्रतिमाह कमीशन आता था। अक्टूबर 2019 से मार्च 2023 के बीच अकेले सुमीत फैसिलिटीज की ओर से लगभग 15.65 करोड़ रुपए दिए गए थे।

अंतर-क्षेत्रीय हॉकी टूर्नामेंट

एसईसीएल की 16 टीमें ले रही भाग





बिलासपुर। एसईसीएल मुख्यालय की मेजबानी में 14 अक्टूबर को अंतर-क्षेत्रीय हॉकी टूर्नामेंट 2026-27 का स्व. बीआर यादव अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैदान बहतराई बिलासपुर में शुभारंभ हुआ।

इस प्रतियोगिता में एसईसीएल मुख्यालय सहित विभिन्न संचालन क्षेत्रों की कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। मुख्य अतिथि निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने हॉकी मैदान पर गोल कर टूर्नामेंट का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने कहा कि हॉकी जैसे तेज गति के खेल में टीमवर्क, समन्वय और मानसिक दृढ़ता का विशेष महत्व है। खेल के मैदान में सीखे गए ये गुण कार्यस्थल पर भी सफलता प्राप्त करने में सहायक होते हैं। उन्होंने एसईसीएल में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, बेहतर खेल सुविधाएँ विकसित करने तथा खिलाड़ियों को बड़े मंचों तक पहुँचने के अवसर प्रदान करने पर जोर दिया। इस अवसर पर मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, जेसीसी, कल्याण मण्डल, सिस्टा/एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण, अधिकारी , कर्मचारी एवं डीएवीस्कूल प्रिंसिपल उपस्थित रहे। समारोह के प्रारंभ में महाप्रबंधक (कल्याण) बी.सी. सेठी ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया तथा मुख्य अतिथि का स्वागत किया। अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) विवेक सिंह एवं वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) आस्तिक साहू ने किया।इस अवसर पर वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी एवं कल्याण विभाग में पदस्थ वरिष्ठ डीईओ श्री राजेश हेनरी ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन एवं निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की शपथ दिलाई।

44 पदक जीतने वाले स्केटर्स ने कलेक्टर से की मुलाकात



बिलासपुर। 19वीं छत्तीसगढ़ स्टेट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में 44 पदक जीतकर बिलासपुर का नाम रोशन करने वाले सैंडबॉक्स इनोवेशन रोलर स्पीड स्केटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी से मुलाकात की। कलेक्टर ने खिलाड़ियों को उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए आगामी राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं दीं। रायपुर में 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अकादमी के खिलाड़ियों ने 17 स्वर्ण, 15 रजत और 12 कांस्य सहित कुल 44 पदक जीते। प्रतियोगिता में अकादमी के 26 खिलाड़ियों में से 22 ने पदक हासिल किए। लगातार तीसरे वर्ष अकादमी ने अपना प्रदर्शन बेहतर किया है। वर्ष 2024 में 27, 2025 में 31 और 2026 में 44 पदक जीतकर खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धि का नया रिकॉर्ड बनाया।

इन खिलाड़ियों ने जीते पदक

तीन-तीन स्वर्ण पदक जीतने वालों में प्रणव सिंह, स्मृति कुजूर और आरव जायसवाल शामिल हैं। आयांश श्रीवास्तव और कमल महादेवा ने दो-दो स्वर्ण पदक जीते। वरदान पटेल ने एक स्वर्ण और दो रजत, शिवाय खेतरपाल व ऐश्वर्या अरुण ने एक-एक स्वर्ण और एक-एक रजत तथा आध्या प्रसाद ने एक स्वर्ण और दो रजत पदक हासिल किए। रजत पदक विजेताओं में पी. आरुष (तीन), तेजल साहू (दो), रीयांश तिवारी (एक), मान्य श्रीवास्तव और शौर्य बंजारे (एक-एक रजत व कांस्य) शामिल हैं। अनामिका सिंह ने दो कांस्य पदक जीते। आरोही सिंह, अथर्व देवांगन, जेसन इवान एक्का, आरुष श्रीवास्तव, गार्वी गुप्ता, शान्वी गुप्ता और अस्मिता सिंह ने भी कांस्य पदक हासिल किए। पदक से चूकने के बावजूद आयान साहू, आरव भोसले, कबीर वाधवानी, वेदांश असती, आरव असती और डेलिना साहू ने भी कलेक्टर से मुलाकात की।

एलसीआईटी के खिलाड़ियों ने जीते 6 गोल्ड



बिलासपुर। एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस बोदरी के बॉक्सरो ने इंटर कालेज बॉक्सिंग महिला/पुरुष प्रतियोगिता मे शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 गोल्ड मैडल जीतकर महाविद्यालय का नाम रौशन किया है। क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की बुधवार को इंडोर हाल मे होने वाली प्रतियोगिता मे बिलासपुर सेक्टर की 8 महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता मे एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस के 6 खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन कर 6 गोल्ड मेडल जीतकर बॉक्सिंग मे दबदबा बनाया। पुरुष वर्ग 45 से 51 किलोग्राम वजन मे तनिष्क गुप्ता बीबीए तृतीय सेमेस्टर, 51 से 54 किलोग्राम वजन मे राहुल दास बी सी ए तृतीय सेमेस्टर, 64 से 67 किलोग्राम वजन मे कृष सिंधु बीबीए एलएलबी प्रथम सेमेस्टर, 62 से 63 किलोग्राम वजन मे अमन बेहरा बीए एलएलबी सातवां सेमेस्टर व 89 से 93 किलोग्राम वजन मे मोहम्मद अदनान बी काम तृतीय सेमेस्टर व महिला वर्ग मे 45 से 48 किलोग्राम वजन मे के रेड्डी बी कॉम पांचवा सेमेस्टर ने गोल्ड मेडल जीता।

इंटरहाउस वालीबॉल का समापन आज

सेंट जेवियर हाई स्कूल भरनी में 14 और 15 अक्टूबर वॉलीबॉल के इंटरहाउस टूर्नामेंट रखा गया है। स्कूल के चारों हाउस की टीम आइंस्टीन, कलाम, न्यूटन, गैलेलियों हाउस के सभी खिलाड़ी के मध्य आपस में मैच कराए गए। इसमें बालक वर्ग में कलाम हाउस और न्यूटन हाउस की टीमें अपने मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं बालिका वर्ग की टीम में आइंस्टीन हाउस एवं कलाम हाउस की टीम ने जीतकर फाइनल में जगह सुनिश्चित किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 15 अक्टूबर को होगा। उद्घाटन समारोह में प्राचार्य डॉ.बीबी माहाता ने डायरेक्टर डॉ.जी एस पटनायक के विचारों के बारे में बताया कि शिक्षा के साथ शारीरिक शिक्षा के महत्त्व और खेल जीवन का एक अभिन्न अंग है, एक अच्छा खिलाड़ी ही एक अच्छा व्यक्ति बन सकता है और आजकल की भाग दौड़ की जिंदगी में खेल कितना जरूरी है और उसके महत्त्व के विषय पर चर्चा की।

न्यू जनरेशन में शुरू होगा 'द शादी शो' कल से



बिलासपुर। फेस्टिव एलिगेंस से वेडिंग ग्रैंड्योर तक, द शादी शो वेडिंग कलेक्शन में सगाई से विदाई तक पूरे परिवार के लिए उपलब्ध होंगे एक्सक्लूसिव वेडिंग परिधान। प्रतिष्ठित डिजाइनर्स की खास पेशकश के साथ मिलेगा ब्राइड और ग्रूम के लिए स्पेशल वेडिंग प्रीव्यू। आने वाले वेडिंग सीजन की तैयारियों ने भी रफ्तार पकड़ ली है। कहीं दूल्हन अपने ड्रीम लहंगे की तलाश में है, तो कहीं दूल्हा अपनी वेडिंग एंट्री के लिए परफेक्ट शेरवानी चुन रहा है। परिवार के हर सदस्य की चाहत है कि इस खास अवसर पर उनका अंदाज भी यादगार हो, जितना यह उत्सव। न्यू जनरेशन – द कम्प्लीट फैमिली स्टोर 16 अक्टूबर से द शादी शो वेडिंग कलेक्शन की शुरुआत करने जा रहा है। रायपुर और बिलासपुर के फैशन प्रेमियों के लिए यह खास आयोजन वेडिंग फैशन, डिजाइनर कलेक्शन और पारंपरिक खूबसूरती का एक अनूठा अनुभव लेकर आएगा। इसमें सगाई से विदाई तक, हर रस्म के लिए खास कलेक्शन है। सगाई की पहली रस्म से लेकर हल्दी, मेहंदी, संगीत, शादी और विदाई तक हर अवसर का अपना एक खास महत्व और अलग अंदाज होता है। इस विशेष कलेक्शन में प्रतिष्ठित डिजाइनर्स द्वारा तैयार आकर्षक और खूबसूरत परिधान शामिल होंगे, जिनमें पारंपरिक कला, आधुनिक डिजाइन और बारीक कारीगरी का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। दुल्हन के लिए डिजाइनर ब्राइडल लहंगे, दूल्हे के लिए रॉयल शेरवानी, सगाई और रिसेप्शन के लिए एलिगेंट

बिजनेस प्लस

आउटफिट्स, हल्दी-मेहंदी और संगीत के लिए ट्रेंडी एथनिक वियर के साथ परिवार के अन्य सदस्यों के लिए भी खास विकल्प उपलब्ध होंगे। इसका खास आकर्षण ब्राइड और ग्रूम के लिए उपलब्ध स्पेशल वेडिंग प्रीव्यू होगा। इसके माध्यम से होने वाले दूल्हा-दुल्हन अपनी शादी के अलग-अलग समारोहों के लिए खास डिजाइन, लेटेस्ट वेडिंग ट्रेंड्स और एक्सक्लूसिव कलेक्शन को करीब से देख सकेंगे। भारतीय परिवारों के लिए शादी का हर पल अनमोल होता है। न्यू जनरेशन का फेस्टिव एवं वेडिंग कलेक्शन इन्हीं अलग-अलग मौकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यहाँ पारंपरिक परिधानों की खूबसूरती के साथ आधुनिक फैशन ट्रेंड्स का मेल देखने को मिलेगा। रायपुर और बिलासपुर स्थित स्टोर्स के माध्यम से न्यू जनरेशन 16 अक्टूबर से ग्राहकों को सगाई से विदाई तक के हर अवसर के लिए एक्सक्लूसिव डिजाइनर परिधानों का खास अनुभव प्रदान करेगा।

छह बुलबुलों को राष्ट्रीय स्तर पर मिला गोल्डन एरो अवॉर्ड

बिलासपुर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के अंतर्गत राष्ट्रीय युवा परिसर, गदपुरी हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम में जिले की छह बुलबुलों को प्रतिष्ठित गोल्डन एरो अवॉर्ड (राष्ट्रपति पुरस्कार) से सम्मानित किया गया। उक्त राष्ट्रीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ केंद्रीय विद्यालय संगठन, रेलवे एवं अन्य संस्थानों के बुलबुलों ने सहभागिता की। इस उपलब्धि के माध्यम से बिलासपुर जिले की बुलबुलों ने जिले का गौरव बढ़ाया है। पुरस्कार प्राप्त करने वाली बुलबुलों में प्राथमिक शाला देवरी संकुल पंधी ब्लाक मस्तूरी, आदिश्री शर्मा पिता प्रेम प्रकाश शर्मा, हिमान्या विश्वकर्मा पिता आशुतोष, तवशु पिता मेलाराम, पूजा लास्कर पिता विजय कुमार लास्कर, चहक वस्त्रकार पिता संजय वस्त्रकार, फ्लॉक लीडर- कल्पना सिंह- प्राथमिक शाला भरारी बिल्हा, अदिति निर्मलकर पिता सुरेश निर्मलकर, स्काउट-गाइड प्रभारी- लक्ष्मी बृजवासी शामिल है। इस उपलब्धि पर जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सफल बुलबुलों को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। जिला मुख्य आयुक्त राजेंद्र साहू, डीईओ संदीप पांडेय, सहायक वर्षा शर्मा ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



प्रथम हॉस्पिटल

सरकण्डा थाना के पास, बहतराई रोड, बिलासपुर

PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH (ENTRY LEVEL) CERTIFIED



12वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाईयां...

नवीन कैथ लैब का भव्य शुभारंभ





डॉ रजनीश पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (मेडिसीन)
एफ.आई.एस.एन. (स्ट्रोक न्यूरोलॉजी)



डॉ अम्बिकेश पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी.
निश्चेतना विशेषज्ञ
आराध्या हॉस्पिटल

हमारी अत्याधुनिक सुविधाएं


MRI
(उच्च स्तरीय इमेजिंग सुविधा)


CT SCAN
(उन्नत एवं सटीक जाँच)


ULTRA SONOGRAPHY
(कलर डॉपलर सहित)


ICU
(अत्याधुनिक आई.सी.यू. सुविधा)


EEG/NCV
(न्यूरोलॉजिकल जांच की सुविधा)


DIALYSIS
a(आधुनिक डायलिसिस यूनिट)

उपलब्ध सुविधायें

- न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी
- गहन चिकित्सा विभाग (ICU)
- मेडिसिन विभाग
- अस्थि रोग विभाग
- प्रसुति एवं स्त्री रोग विभाग
- गुर्दा रोग/डायलिसिस विभाग
- जनरल सर्जरी विभाग
- डेंटल सर्जरी विभाग
- फिजिओथेरेपी विभाग
- डिजिटल एक्स-रे
- ई.सी.जी., ईको, टी.एम.टी.
- ई.ई.जी., एन.सी.व्ही.
- कैंसर विभाग

आराध्या हॉस्पिटल

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत PM-JAY

निःशुल्क उपचार की सुविधा
(SECL, रेलवे, ESIC, FCI, ईपीएफओ, आयुष्मान भारत योजना, शासकीय कर्मचारियों, DME, एवं प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस के माध्यम से नि:शुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध)

हमारा अन्य नर्सिंग संस्थान
निवेदिता नर्सिंग कॉलेज,
महामाया चौक, बिलासपुर

24x7 Emergency Services

24x7 भर्ती की सुविधा
24x7 मेडिकल स्टोर
24x7 पैथोलॉजी | 24x7 एम्बुलेंस

प्रथम हॉस्पिटल : सरकण्डा थाना के पास, बहतराई रोड, बिलासपुर
07752-470323, 8962852000

आराध्या हॉस्पिटल महामाया चौक, पेट्रोल पंप के सामने
07752-470323, 8962852000

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 23.5 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



शिवघाट बैराज जाने वाली सड़क को बंद कर दिया गया।

ओपन परीक्षा में 10वीं,12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारमुखी प्रशिक्षण फायर सेफ्टी के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

खबर संक्षेप

कान्य कुब्ज महिलाओं का गरबा महोत्सव आज

बिलासपुर। नवयुवक कान्य कुब्ज विकास समिति महिला प्रकोष्ठ एवं कान्य कुब्ज ब्राम्हण विकास मंच छत्तीसगढ़ महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में यश पैलेस में गुरुवार 15 अक्टूबर को शाम 6 बजे गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया है। महोत्सव की मुख्य अतिथि रीतू शैलेष पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि शिल्पी तिवारी, सुश्री सुवर्णा शुक्ला होंगी। यह जानकारी समाज की किरण बाजपेई ने दी।

पंजाबी हिंदू महिला संस्था का डांडिया आज

बिलासपुर। पंजाबी हिंदू महिला संस्था बिलासपुर का डांडिया महोत्सव गुरुवार 15 अक्टूबर को शाम साढ़े 4 बजे से पंजाबी भवन इमलीपारा में आयोजित है। इसमें महिलाएं पारंपरिक वेश में डांडिया करेंगी। यह जानकारी समाज की नमिता ऋषि ने दी।

दीनदयाल कालोनी में भव्य चुनरी यात्रा आज

बिलासपुर। दीन दयाल कालोनी मंगला में 15 अक्टूबर को मां शारदा सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन समिति के सदस्य ने बताया कि आयोजन समिति द्वारा भव्य चुनरी यात्रा का यह दूसरा वर्ष है। 15 अक्टूबर समिति द्वारा 51 मीटर भव्य चुनरी यात्रा शाम 4 बजे से निकाली जाएगी। इसका शुभारंभ मां कामाख्या देवी मंदिर से दीनदयाल कालोनी शारदा मंदिर तक होगी। इसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजन को लेकर भक्तों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। माता के दरबार में प्रतिवर्ष दर्शन करने के लिए यहां श्रद्धालुओं बड़ी संख्या में आते हैं। भंडारा का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया जाता है।

रतनपुर के लिए चुनरी यात्रा 17 को

बिलासपुर। शारदीय नवरात्रि पर 17 अक्टूबर शनिवार को शाम 5 बजे महामाया मंदिर रतनपुर के लिए बिलासपुर से भव्य एवं ऐतिहासिक चुनरी यात्रा निकाली जा रही है। आशीष अवस्थी ने बताया कि शुरुआत 51 पंडितों द्वारा सामूहिक शंखनाद से होगी। शंखनाद के बाद 11 पंडितों द्वारा अरपा की महाआरती की जाएगी। चुनरी यात्रा महामाया चौक बिलासपुर से प्रारंभ होकर सेंदरी, भैरव बाबा मंदिर होते हुए रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर पहुंचेगी। यात्रा संपन्न होने के बाद महामाया मंदिर के मुख्य द्वार पर 51 पंडितों द्वारा शंखनाद एवं 11 पंडितों द्वारा भव्य महामाया आरती की जाएगी।

शहरी स्रोत समन्वयक को नोटिस

बिलासपुर। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर की गई शिकायतों के निराकरण के मामले में बिल्हा ब्लाक के शहरी स्रोत समन्वयक वासूदेव पांडे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। दरअसल कार्यालय विकास खंड शिक्षा अधिकारी बिल्हा के पत्र क्रमांक 2839 / सीएम हेल्पलाइन में 13 अक्टूबर को एक शिकायत की गई थी। नियमानुसार संबंधित अधिकारी वासुदेव पाण्डेय, विकासखंड शहरी स्रोत समन्वयक, बिल्हा को 03 दिवस में मामला निराकृत करना था। इसके बाद भी लेकिन ना तो कोई प्रतिवेदन नहीं दिया गया, न ही शिकायत का निराकरण किया गया।

60 हजार से अधिक बैंक खातों में पांच साल से लेनदेन नहीं, फ्रीज होंगे अकाउंट

- सभी बैंकों ने 30 अक्टूबर तक केवाईसी कराने का दिया समय, आधार से भी नहीं कराया लिंक
- कई लोगों ने दो दो पैन कार्ड बनवाए, कुछ ऐसे भी हैं जिनकी मौत हो गई, अब हो रही जांच

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के 60 हजार से लोगों ने बैंकों में अपनी केवाईसी नहीं कराई है। ऐसे में जिन लोगों ने लंबे समय से अपने खातों से ट्रांजेक्शन नहीं किया और अपना सत्यापन भी नहीं कराया है तो उनके खाते फ्रीज हो सकते हैं। सभी बैंकों की ओर से अलर्ट जारी किया गया है कि जिन्होंने केवाईसी नहीं कराई है वे 30 अक्टूबर तक यह काम हर हाल में करवा लें। तय समय के बाद लोगों के खाते ब्लॉक होने शुरू हो जाएंगे। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा समेत कई बड़े बैंकों की शाखाओं में सूचना भी चस्पा की गई है। लोगों



से कहा गया है कि किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए वे सत्यापन की प्रक्रिया तय समय में हर हाल में करवा लें।

बैंकों के अनुसार शहर की शाखाओं में बड़ी संख्या में ऐसे खाते हैं, जिनमें एक से पांच साल तक कोई सक्रिय लेन-देन नहीं हुआ है। ऐसे खाताधारकों को पहचान संबंधी जानकारी अपडेट कराने के लिए एसएमएस भेजा जा रहा है। समय पर प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर खाते से लेन-देन भी नहीं हो पाएगा। राजधानी में मिली जानकारी के अनुसार अलग-अलग बैंकों में करीब एक लाख लोगों के खाते ब्लॉक हो सकते हैं।

हालांकि अफसरों का कहना है कि खाते ब्लॉक या फ्रीज होते हैं तो तुरंत आधार और पैन कार्ड की फोटो कॉपी के साथ एक पासपोर्ट फोटो जमा कर खाते को खुलवाया जा सकता है। दस्तावेज जमा करने के 24 घंटे के भीतर खाता फिर से खोल दिया जाएगा।

पैन कार्ड को आधार से लिंक भी नहीं कराया

इसके साथ ही बैंक खाताधारकों ने पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक भी नहीं कराया है। ऐसे लोगों के पैन कार्ड बंद किए जाएंगे या फिर इन्हें अधिक टैक्स भरना पड़ेगा। आयकर विभाग ने इसके लिए अलग से चेतावनी जारी की है। आयकर विभाग के मुताबिक कई लोगों ने दो दो पैन कार्ड बनवा लिए हैं को कुछ ऐसे भी हैं जिनकी मौत हो गई है और उनके पैन कार्ड निरस्त नहीं करवाए गए हैं। इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। जिन लोगों ने पैन कार्ड को आधार से लिंक नहीं कराया है उनके कार्ड निष्क्रिय किए जाएंगे। आयकर नियमों के मुताबिक, अगर पैन आधार से लिंक नहीं है, तो उस पर कटने वाला टीडीएस दोगुना हो जाएगा। आयकर अधिकारियों के अनुसार इस कदम के पीछे का मकसद देश में टैक्स चोरी और पैन कार्ड से जुड़ी धोखाधड़ी पर लगाम लगाना है।

इन कामों के लिए केवाईसी जरूरी

- नया बैंक खाता सेविंग, करंट, एफडी, डी-मैट आदि खुलवाने वाले लोग
- पुराने खाताधारक जिन्हें केवाईसी अपडेट या री-केवाईसी की जरूरत हो
- जिनके आधार कार्ड में नाम या एड्रेस बदल गया हो। उन्हें भी अनिवार्य है
- निष्क्रिय या लंबे समय से इस्तेमाल नहीं हुए खातों में दस्तावेज जमा कराना
- उच्च जोखिम वाले ग्राहकों की केवाईसी अधिक बार अपडेट की जा सकती है

जर्जरता की हद पार कर चुकी सड़क पर पेचवर्क करेगा पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई ने नहीं लिया हैंडओवर

827 करोड़ का बजट, सेंदरी-मोपका फोरलेन पर पेचवर्क का मरहम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंदरी से मोपका व उससे आगे ढेका तक 827 करोड़ रूपए लागत से प्रस्तावित फोरलेन सड़क को एनएचएआई ने अब तक हैंडओवर नहीं लिया है। सूत्रों के अनुसार हैंडओवर की प्रक्रिया में अभी चार महीने और लग सकते हैं। ऐसे में जर्जरता की हद पार कर चुकी सड़क पर पीडब्ल्यूडी पेचवर्क का मरहम लगाने की तैयारी में है। पेचवर्क के जरिए विभाग सड़क को कम से कम चार महीने आवागमन के लायक बनाने के प्रयास में है।

827 करोड़ के भारी-भरकम बजट से सेंदरी से मोपका व उससे आगे ढेका तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क को फिलहाल पेचवर्क का सहारा दिया जा रहा है। ऐसा बिल्कुल नहीं है कि फोरलेन सड़क नहीं बनेगी। सड़क तो बनेगी और इसका निर्माण देश की सबसे बड़ी निर्माण एजेंसी नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा किया जाएगा। दिक्कत यह है कि लोक निर्माण विभाग एवं एनएचएआई के बीच इस सड़क के हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाने के कारण निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ होने में अभी देर है।

- हैंडओवर में लग सकते हैं चार महीने

इधर पिछले डेढ़ साल से अपनी जर्जरता का रोना रो रही सेंदरी-मोपका सड़क पर एक कदम भी चलना दूभर है। ऐसे में हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी होते तक इस मार्ग में आवागमन करने वाले वाहन चालकों को थोड़ी राहत देने का प्रयास किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग इस सड़क का पेचवर्क करेगा, ताकि हैंडओवर एवं नया निर्माण प्रारंभ होने से पहले तक लोगों को आवागमन करते बन जाए। सूत्रों के अनुसार हैंडओवर की प्रक्रिया में संभवतः तीन से चार महीने भी लग सकते हैं, जिससे इसका पेचवर्क करना बेहद जरूरी है।

अनावश्यक साबित होगा पेचवर्क का खर्च?

सेंदरी-मोपका सड़क का निर्माण देश की सबसे बड़ी निर्माण एजेंसी एनएचएआई द्वारा किया जाना है। इस प्रस्तावित फोरलेन सड़क व पुल-पुलिया के लिए अनुमानित 827 करोड़ रूपए खर्च किए जाने हैं। केवल हैंडओवर की प्रक्रिया में विलंब होने के कारण इसका पेचवर्क किया जा रहा है। जब इस सड़क का निर्माण भारी भरकम बजट खर्च कर किया ही जाना है, तो ऐसे में पेचवर्क के नाम पर सड़क पर और पैसे खर्च करना शायद फिजूल ही होगा।

खराब हो गई है सड़क

सेंदरी-मोपका सड़क को लेकर पीडब्ल्यूडी व एनएचएआई के बीच हैंडओवर की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हो सकी है। हो सकता है इसमें कुछ समय लग जाए। चूंकि सड़क बेहद जर्जर स्थिति में है, जिससे आवागमन करने वाले वाहनचालकों को परेशानी हो सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए पेचवर्क कर आवागमन लायक बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

– **आदित्य ग्रोवर,** ईई पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

एक सप्ताह बाद फिर कोटा क्षेत्र में टाइगर ने फैलाई दहशत

बिलासपुर। कोटा और बेलगहना क्षेत्र में टाइगर की दहशत एक बार फिर बढ़ गई है। बाजार में सब्जी बेचने वाले एक व्यापारी ने इसकी जानकारी विभाग को दी है, जिसके बाद विभाग की ओर से टाइगर से ग्रामीणों को अलर्ट करना शुरु कर दिया है।

एक सप्ताह पहले कोटा और बेलगहना की ओर दो टाइगरों का लगातार मूवमेंट होने की वजह से ग्रामीण काफी दहशत में थे। अचानकमार टाइगर रिजर्व के दो टाइगर में एक टाइगर केंवची की ओर से बेलगहना में और एक टाइगर शिवतराई की ओर से कोटा की ओर प्रवेश कर रहा था। इस दौरान टाइगर ने मवेशियों का भी शिकार किया, जिसके बाद दोनों जंगल की ओर चले गए। टाइगर की सूचना मिलने के बाद कोटा वन परिक्षेत्र के अधिकारियों व कर्मचारियों ने मूवमेंट के लिए पग मार्क के निशान को देखकर टीम की ड्यूटी लगा दी। वहीं लगातार टाइगर की निगरानी भी शुरु की गई, लेकिन टाइगर वापस नहीं आया। इसके बाद लगातार टाइगर के कभी बेलगहना सिद्ध बाबा आश्रम, बेलगहना स्कूल और कभी मार्केट के बीच में होने की अफवाह फैलाई गई, जिसके कारण विभाग के अधिकारी भी परेशान हो गए। वहीं अफवाह की वजह से ग्रामीण भी दहशत से बाहर निकलने से बचते रहे। पूरे क्षेत्र में टाइगर की खोजबीन करने की गई, लेकिन दोनों टाइगर कहीं नहीं मिले। इससे टाइगरों के एटीआर में वापस जाने की संभावना व्यक्त की गई। टाइगर के वापस जाने के बाद ग्रामीणों को राहत मिली, लेकिन एक सप्ताह बाद बुधवार को कोटा वन परिक्षेत्र के सेमरा गांव के पास मचगवां में एक सब्जी बेचने वाले व्यक्ति ने टाइगर को देखा। इसकी सूचना तत्काल विभाग को दी गई, जिसके बाद अलर्ट जारी कर दिया गया है। कोटा वन परिक्षेत्र के उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन ने बताया कि मचगवां के पास टाइगर को देखने की सूचना मिलने के बाद टीम को मौके पर भेज दिया गया है, लेकिन उस स्थान पर टाइगर के पग मार्क नहीं मिले हैं। फिलहाल विभाग की टीम लगातार ग्रामीणों को अलर्ट करने के साथ टाइगर पर निगरानी रखी हुई है।



- बेलगहना स्कूल और कभी मार्केट के बीच में होने की अफवाह फैलाई गई

रेंज साइबर थाना पुलिस को मिली सफलता, रायपुर के 2 युवक गिरफ्तार

साइबर फ्राडः क्यूआर से 45 च्वाइस सेंटरों से 25 लाख निकाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेंज साइबर थाना पुलिस ने क्यूआर कोड से साइबर फ्राड कर 25 लाख रुपए निकालने वाले रायपुर के दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उनके कब्जे से 1 लाख 2 हजार रुपए, एक कार, एक एक्टिवा, दो मोबाइल जब्त किए गए हैं।

एडीशनल एसपी पंकज पटेल ने बताया, ग्राम खरकेना निवासी देवेन्द्र रजक बिल्हा मोड़ पर च्वाइस सेंटर चलाते हैं। 5 अक्टूबर 2026 को दोपहर 12.38 बजे नीले रंग की एक्टिवा से एक व्यक्ति उनके सेंटर में आया। उसने क्यूआर कोड से खाते में रकम डलवाने और बदले में नकद लेने की बात कही । संचालक की सहमति के बाद उसने क्यूआर की तस्वीर अपने



गिरफ्तार युवक।

मोबाइल से ली और किसी अन्य व्यक्ति को भेजा। इसके बाद खाते में 16 हजार रुपए जमा हुए। देवेन्द्र ने एक्टिवा सवार को रकम नकद दे दी और 150 रुपए सर्विस चार्ज लिया। दूसरे दिन उनका बैंक खाता होल्ड हो गया। उन्होंने चकरभाठा स्थित एसबीआई शाखा में जानकारी ली तो पता चला कि उनका खाता साइबर फ्राड से जुड़ी रकम के कारण होल्ड किया गया है। आधार कार्ड व एक्टिवा नम्बर के आधार पर टीआई प्रसाद सिन्हा, एएसआई अशोक कश्यप, दीपक उपाध्याय, दीपक यादव ने रायपुर मुजगहन, कमल विहार निवासी अंकित आहूजा पिता राजेश आहूजा 32 साल को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने अपने साथी रायपुर तेलीबांधा महावीर नगर प्रेमपार्क निवासी आशीष केशवानी पिता मुरली केशवानी 32 साल के साथ मिलकर साइबर फ्राड का पैसा च्वाइस सेंटर में जमा कर नकद रकम लेना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर टीम ने उसके साथी आशीष केशवानी को पकड़ लिया। उनके कब्जे से 1 लाख 2 हजार रुपए नकद, वारदात में प्रयुक्त कार, एक्टिवा, 2 मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

45 च्वाइस सेंटरों से 25 लाख रुपए निकाले

आरोपियों ने जिले में हिर्री के च्वाइस सेंटर के अलावा सरकण्डा, तारबाहर, मल्हार सहित रायपुर, महासमुंद सहित अन्य जिलों के करीब 45 च्वाइस सेंटरों में क्यूआर कोड से साइबर फ्राड का पैसा जमा कर 25 लाख रुपए नकद भुगतान लिया है।

शहर के होटल में रूके थे

रायपुर से दोनों आरोपी बलेनो कार व एक्टिवा से शहर आए और होटल में रूके थे। आशीष केशवानी होटल में रूकता था और अंकित आहूजा एक्टिवा से जिले के अलग अलग सेंटरों में जाकर क्यूआर कोड मोबाइल में लेकर आशीष केशवानी के मोबाइल में भेजता था। आशीष साइबर फ्राड का पैसा जमा करता था। उसके बाद अंकित च्वाइस सेंटर वाले को कमीशन देकर रकम लेकर होटल आ जाता था।

मुंबई, दुबई से जुड़े हैं तार

बताया जा रहा है दोनों युवक साइबड फ्राड का पैसा च्वाइस सेंटर में जमा कर नकद रकम लेकर उक्त रकम टेलीग्राम के माध्यम से मुंबई में अन्य व्यक्ति को भेजते थे। मुंबई वाला व्यक्ति उक्त रकम दुबई के जालसाजों को भेजता था। इसके एवज में अंकित को 2 प्रतिशत व आशीष को 4 प्रतिशत कमीशन मिलता था।

गिरोह के अन्य सदस्यों की रायपुर में तलाश

पुलिस को संदेह है कि उक्त गिरोह में अन्य लोग भी शामिल हैं। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से पुलिस टीम रायपुर में कैम्प कर गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। मामले में और भी आरोपियों के पकड़े जाने की संभावना जताई जा रही है।

दिन में तपा रही धूप, रात में बाहर गुलाबी ठंड का अहसास

बिलासपुर। मौसम का मिजाज अभी लगातार बदल रहा है। दिन में एक ओर जहां धूप असहनीय महसूस हो रही है, वहीं रात में बाहर गुलाबी ठंड का अहसास होने लगा है। बदलते मौसम से वायरल फीवर का प्रकोप भी तेजी से फैल रहा है।

मानसून की विदाई के साथ ही बारिश की समाप्ति के बाद मौसम में अब लगातार परिवर्तन देखने को मिल रहा है। बीते कई दिनों से सुबह से शाम तक तेज धूप निकल रही है। धूप में इतनी तेजी है लगातार इसके संपर्क में होने के प्रभाव से हाथ व चेहरे में जलन हो रही है। इसके विपरीत शाम होते ही बाहर खुले में मौसम अलग ही अहसास करा रहा है। बाहर गुलाबी ठंड महसूस किया जाने लगा है। रात में विभिन्न कार्यों से बाहर निकलने वाले दुपहिया वाहन चालकों को हल्की-हल्की ठंडक महसूस हो रही है। संभावना है कि इस साल दीवाली के आते-आते ठंड अपना खासा असर दिखाना प्रारंभ कर दे। इधर लगातार बदलते मौसम के प्रभाव से शहर में वायरल फीवर का प्रकोप भी लगातार बढ़ रहा है। सिम्स व जिला अस्पताल के ओपीडी में वायरल फीवर के मरीजों की बड़ी संख्या पहुंच रही है।



छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा को गति देने वाले, जनसेवा को प्राथमिकता देने वाले एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध

माननीय डॉ. रमन सिंह जी (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा) एवं

माननीय तोखन साहू जी (केंद्रीय राज्य मंत्री, भारत सरकार) को

जन्मदिवस पर कोटिशः बधाई एवं शुभकामनाएँ

आपके जीवन का प्रत्येक वर्ष नई उपलब्धियों, जनकल्याण के कार्यों और राष्ट्रसेवा के प्रेरक अवसरों से परिपूर्ण हो।

चंदन अग्रवाल
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष-राइस मिल एसोसिएशन छत्तीसगढ़
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता

बसंत अग्रवाल
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता

विनीत : प्रदेश भाजपा संगठन के समस्त भाजपा कार्यकर्ता

सशक्त बेलतरा
समृद्ध बेलतरा
विकसित बेलतरा

डॉ. रमन सिंह जी
अध्यक्ष - छ.ग. विधानसभा

श्री अमित शाह जी
गृहमंत्री - भारत सरकार

श्री तोखन साहू जी
राज्य मंत्री एवं सांसद बिलासपुर

को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएँ

आपके नेतृत्व में सशक्त, समृद्ध और विकसित
छत्तीसगढ़ का संकल्प और भी मजबूत होता रहेगा

सुशांत शुक्ला
विधायक -बेलतरा विधानसभा

J.J.Ad

विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्ता बेलतरा विधानसभा


जीवन हर्ष: खातमा
BJP
केंद्रीय राज्यमंत्री
बिलासपुर सांसद, जननेता
मा. श्री तोखन साहू जी
विधानसभा अध्यक्ष
डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिवस की
एवं नवरात्रि एवं दशहरा पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
दिनेश कुमार साहू
जिला उपाध्यक्ष- भाजपा मुंगेली (छ.ग.)
श्रीमती अंकिता रवि शुक्ला
पूर्व अध्यक्ष-नगर पालिका लोरमी
संकलनकर्ता
कृष सोनी
प्रतिनिधि हरिभूमि लोरमी


रवि मेहर
मंडल अध्यक्ष
रामकुमार निर्मलकर
मंडल अध्यक्ष
नैनलाल साहू
मंडल अध्यक्ष
दिनेश साहू
मंडल अध्यक्ष
विनोद यादव
मंडल अध्यक्ष
केंद्रीय राज्यमंत्री
बिलासपुर सांसद, जननेता
मा. श्री तोखन साहू जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
मा. श्री तोखन साहू जी
केंद्रीय राज्यमंत्री
डॉ. माधवी संतोष वस्त्रकार
अध्यक्ष-जनपद पंचायत तखतपुर
गोपाल अग्रवाल
कैलाश वस्त्रकार
जिला मीडिया प्रभारी
मनहरण कौशिक
सभापति
अरुण सिंह चौहान
सभापति
सीमा श्रीवास
सभापति
रानी सोनी
सभापति
बबीता जांगड़े
सभापति
रंजना कौशिक
सभापति
गीता यादव
सभापति
परमेश्वर पटेल
सभापति
ऋषभ कश्यप
सदस्य
रामकुमार सिंगरौल
सदस्य
भरत मरकाम
सदस्य
दिलीप ध्रुव
सदस्य
लखन सूर्यवंशी
सदस्य
जया साहू
सदस्य
लक्ष्मी सिंह
सदस्य
लक्ष्मी साहू
सदस्य
सावित्री श्रीवास
सदस्य
संजीता टांडे
सदस्य
मेलन बाई गोड़
सदस्य
सावित्री मरकाम
सदस्य
कविता यादव
सदस्य
शालिनी गढ़ेवाल
सदस्य
तुलसी कौशिक
मंडल महामंत्री
मनोज साहू
जागेश्वर यादव
मंडल उपाध्यक्ष
कृष्ण कुमार साहू
बी.आर. महोबिया
अशोक सिंह ठाकुर
रामचंद्र यादव
रामचरण वस्त्रकार
अमित मंदानी
सूरज मिश्रा
नितेश सिंह
प्रमोद ठाकुर
मंडल महामंत्री
बिहारी टोडर
देवी साहू
कोमल सिंह ठाकुर
संकलनकर्ता
राजू सिंह ठाकुर
हरिभूमि प्रतिनिधि, तखतपुर
समस्त भाजपा कार्यकर्तागण तखतपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़

हरिभूमि

बिलासपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



जय जय दुर्गा उत्सव समिति माता चौरा पुराना सरकंडा।



जय महाकाल दुर्गोत्सव समिति मेंड्रा।



सांई नगर उसलापुर दुर्गोत्सव समिति।



नर्मदा दुर्गोत्सव समिति मंगला चौक।



अष्टविनायक दुर्गोत्सव समिति शिव टाकीज चौक।



कालिका दुर्गोत्सव समिति मंगला।



जगत जननी दुर्गोत्सव समिति।



राधा कृष्ण मंदिर दुर्गोत्सव समिति लोधीपारा।



मां दुर्गोत्सव समिति मंगला रोड।

फाउंडेशन एकेडमी के रास डांडिया में उमड़ा शहर

नवरात्रि पर्व पर फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में भाटिया फ्यूल्स द्वारा आयोजित रास डांडिया का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर शहर के समाजसेवी एवं उद्योगपति अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, विधायक धरमलाल कौशिक , कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, विश्व विजय तोमर, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने माता रानी की आरती पूजन कर रास डांडिया का शुभारंभ किया। टीवी एक्ट्रेस उत्तरन फेम टीना दत्ता ने आज रात डांडिया के मंच पर बिलासपुर की जमकर तारीफ की। प्रिंस भाटिया की जमकर तारीफ की तथा खचाखच भरे भीड़ के बीच डांडिया भी खेला।



टीना दत्ता ने कहा-

नवरात्रि पर्व में रास डांडिया देवी माता की आस्था का प्रतीक

सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने सभी को जोड़ने का काम रास डांडिया के माध्यम से हो रहा - कौशिक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा नवरात्रि पर्व पर सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का काम रास डांडिया के माध्यम से हमारे शहर में प्रिंस भाटिया के द्वारा किया जा रहा है। नवरात्रि पर्व पर सभी को समेटकर रखने का प्रयास प्रिंस भाटिया कर रहे हैं और उन्हें सभी का आशीर्वाद मिल रहा है। श्री कौशिक ने कहा कि पद आते जाते रहते हैं संबद्ध स्थाई होता है सीनियर सीनियर के अनुभव का लाभ भाटिया परिवार को मिल रहा है और पूरे निश्चल भाव के साथ यह आयोजन भाटिया परिवार कर रहा है और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। माता रानी का आशीर्वाद हम सबको मिलता रहे। भाटिया परिवार, शहर में पूरे समाज के साथ मिलकर अनेक आयोजन करता है उन्होंने सभी समाज को एक बड़ा मंच भी फाउंडेशन क्रिकेट मैदान में दिया है। उन्होंने श्री भाटिया की तारीफ करते हुए कहा की क्रिकेट जगत में बहुत सारे बच्चों को तैयार करने का काम फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के द्वारा किया जा रहा है।

राज्य खेल एवं युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा है कि आज जो देश में वातावरण है उस दौर में सकारात्मक रूप से सांस्कृतिक आयोजन में शहर वासियों को जोड़ने का काम भाटिया परिवार ने किया है। नवरात्रि पर्व पर सभी को बधाई दी।

विधायक अटल श्रीवास्तव ने समिति के प्रमुख प्रिंस भाटिया तथा उनके टीम को बधाई देते हुए कहा है की इतना बड़ा आयोजन पिछले 10 सालों से हो रहा है। भाटिया परिवार ने क्रिकेट के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का इतना बड़ा आयोजन करके शहर में अपनी पहचान बनाई है।





दर्शक और श्रद्धालु रास डांडिया की रौनक - प्रिंस

आयोजन समिति के प्रमुख तथा फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने रास इंडिया के पहले दिन शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रममें मौजूद अतिथियों का उसे कुछ तथा स्मृति चिन्ह से स्वागत करते हुए कहा कि दुर्गा माता की आराधना का पर्व नवरात्रि पर्व पर पिछले 9 सालों की तरह इस बार भी दसवें वर्ष में फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में रास डांडिया में आज पूरा शहर यहां दिखाई दे रहा है। 10 सालों में चेहरे नहीं बदले , वही पुराने चेहरे। हमेशा मुझे आशीर्वाद मिला है जो इस आयोजन में आते थे पहले विधायक नहीं थे, आज मंच पर विधायक के रूप में मौजूद है। । 14 सालों से मुझे सभी का साथ मिल रहा है जो सीनियर है जो संबंध सीनियर का मेरे परिवार के साथ था आज उनका आशीर्वाद मुझे मिल रहा है 10 सालों में मुझे ऐसा लगता है कि समय कैसे बीता । उन्होंने कहा कि पब्लिक के जुड़ाव के लिए इस क्रिकेट एकेडमी की स्थापना की गई थी और नवरात्रि पर्व पर हर साल इसी तरह डांडिया के आयोजन मेंमुलाकात होती है। प्रिंस भाटिया ने कहा कि रास डांडिया के आयोजन में जो यहां दर्शक है श्रद्धालु है वही रास डांडिया की रौनक है। उन्होंने सभी का आभार जताया । उन्होंने कहा कि 2016 में जब डांडिया की शुरुआत हुई उसे समय 6 7 साल 10 साल के रहे होंगे आज 20 साल के हो गए। मेरे साथ जो मेरे साथी है वह मेरी ताकत है जो इस आयोजन को सफल बनाने में मुझे सहयोग करता है।

माता रानी की आरती के साथ और रास डांडिया का शुभारंभ

आज पहले दिन सुप्रसिद्ध टीवी एक्ट्रेस टीना दत्ता उतरन फेम शहरवासियों के साथ डांडिया खेलेंगी । तीन दिनों के आयोजन में देश की मशहूर फिल्म अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर भी शहरवासियों के साथ फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में डांडिया खेलेंगी। आज शाम 7:00 बजे रास डांडिया के पहले दिन माता रानी की महा आरती के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ । पहले दिन कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रूप में खेल युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह तोमर, पूर्व बीडीए अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल टाह, अर्जुन तिवारी ,पूर्व महापौर रामशरण यादव, , महेश दुबे,अरुण सिंह चौहान, डॉ चंद्रशेखर उईके , डॉ राजकुमार खेत्रपाल, चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज की डायरेक्टर पलक जायसवाल, रविंद्र सिंह, प्रशांत नारंग, राजेंद्र शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अनीता शुक्ला, ज्ञानेंद्र उपाध्याय, बृजपाल बाली, नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ,संजू मक्कड़, श्याम कश्यप, राजकुमार तिवारी, सुरेश पांडे, तेजपाल अरोड़ा, महेश कुरै शामिल हुए। शुभान ,आयशा तथा साहिद के गीतों पर सभी जमकर थिरके। कार्यक्रम का संचालन साहिल दास ने किया।



कुष्मांडा देवी के रूप में मां बगलामुखी देवी का पूजन

पीतांबरा सहित सभी देवी मंदिरों में मनाई जा रही नवरात्रि

बिलासपुर। सुभाष चौक सरकंडा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर, काली मंदिर सहित शहर के अन्य सभी देवी मंदिरों में शारदीय नवरात्रि श्रद्धा व उत्साह से मनाई जा रही है। पीतांबरापीठ में चौथे दिन कुष्मांडा देवी के रूप में मां बगलामुखी देवी का पूजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ ध्वजारोहण, जवारारोपण एवं श्री मनोकामना अखंड घृत ज्योति कलश प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस साल मंदिर में 125 मनोकामना घृत ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं।

प्रतिदिन श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, श्री महाकाली, महालक्ष्मी एवं महासरस्वती देवी का श्रीसूक्त, षोडश मंत्रों द्वारा दूधधारा अभिषेक, भगवान श्रीरामचंद्र, श्री सिद्धिविनायक गणेश का पूजन-श्रृंगार किया जा रहा हैं।

पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महराज ने बताया कि नवरात्रि के पांचवें दिन मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता देवी के रूप में मां श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन किया जाएगा। भगवान कार्तिकेय, जिन्हें स्कंद के नाम से भी जाना जाता है, की माता होने के कारण देवी का नाम स्कंदमाता पड़ा। मां स्कंदमाता की आराधना से संतान सुख, संतान की उन्नति, परिवार में सुख-शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है।

चैतन्य देवियां दे रही आध्यात्मिक संदेश

शिव-अनुराग भवन में चैतन्य देवियों की झांकियों के माध्यम से आध्यात्मिक संदेश दिया जा रहा है। ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने कहा कि नवरात्रि का पर्व हमें देवी की आराधना के साथ अपने भीतर की शक्तियों को पहचानने और जीवन की कमजोरियों पर विजय पाने की प्रेरणा देता है। देवी के विभिन्न स्वरूप साहस, धैर्य, शांति और शक्ति जैसे गुणों की याद दिलाता है। जरूरत है इन गुणों को अपने जीवन में उतारने की। उन्होंने बताया कि राजयोग मेडिटेशन के अभ्यास से व्यक्ति अपने विचारों को सकारात्मक दिशा देना सीखता है। कुछ समय परमात्मा की स्मृति में रहकर मन को एकाग्र करने से तनाव कम करने, धैर्य बनाए रखने और सही निर्णय लेने में मदद मिलती है।

लायंस क्लब वसुंधरा ने की कुष्ठ बस्ती में सेवा



बिलासपुर। वसुंधरा क्लब ने हेमू नगर स्थित ब्रह्म आश्रम कुष्ठ रोगी की बस्ती में जाकर उन्हें जरूरत की राशन सामग्री 25 किलो चावल, 30 किलो आटा, 5 किलो तेल, 5 किलो शक्कर, 5 किलो दाल, 10 किलो दलिया, 10 किलो सूजी, 5 किलो गुड़, सोयाबीन बड़ी आलू प्याज, 5 किलो चना मूंग दाल, 10 किलो पोहा मूंग दाल आदि जरूरत की राशन सामग्री दी। जिसमें अध्यक्ष संजना मिश्रा, सचिव मंजू मिश्रा, अर्चना तिवारी, रश्मिलता मिश्रा, सलमा बेगम, गायत्री कश्यप, उषा मुदलियार, मंगला कदम, किरण बाजपेई, डॉक्टर अंबुज पांडे, मंजुला शिंदे, हंसा सेलारका का सहयोग रहा। वस्त्रदान के अंतर्गत सभी बुजुर्ग महिलाओं को साड़ियां पुरुष लोगों को पैंट शर्ट के कपड़े शाल उपयोगी कंबल और स्वेटर महिलाओं को प्रदान किए गए।

स्टार एवं सांसद रवि किशन से मिले शहर के युवा



डांडिया की थाप से लेकर बॉलीवुड सितारों की मौजूदगी तक, पंखीड़ा 2026 ने बिलासपुर में मनोरंजन और सांस्कृतिक उत्सव का खास रंग बिखेरा। दो दिवसीय आयोजन के समापन के बाद पंखीड़ा डांडिया के प्रमुख आकाश सिंह ने भोजपुरी सुपरस्टार एवं अभिनेता रवि किशन से सौजन्य मुलाकात की।

पंखीड़ा आयोजन के सफलता को लेकर चर्चा हुई। मुलाक़ात करने में विशेष रूप से भाजयुमो नेता रौशन सिंह, मुरली नुक्का,विनोद ठाकुर, योगेश तेजवानी मुलाकात के अवसर पर आयोजन की प्रमुख टीम के सदस्य भी मौजूद रहे। दोनों दिन गरबा, डांडिया, संगीत और पारिवारिक सहभागिता ने आयोजन को उत्सवमय बनाए रखा। सोनल चौहान की ग्लैमरस मौजूदगी और रवि किशन के देसी अंदाज ने कार्यक्रम को अलग-अलग रंग दिए।

कठिन परिस्थितियों में संयम ही पुलिस की पहचान



क्रोध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। जब हम क्रोध में होते हैं, तो हमारी सोचने-समझने की क्षमता प्रभावित हो सकती है और कई बार हम ऐसे शब्दों या व्यवहार का सहारा ले लेते हैं, जिनका बाद में पछतावा होता है। कठिन परिस्थितियों में संयम ही पुलिस की असली पहचान है।

यह प्रेरणादायी विचार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर के टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित मुख्य सेवाकेंद्र राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने पुलिस लाइन स्थित चेतना हॉल में आयोजित रेंज स्तरीय रिफ्रेशर कोर्स के पंचम बैच की कार्यशाला में व्यक्त किए। कार्यशाला का विषय तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य रहा। बीके स्वाति दीदी ने कहा कि पुलिस सेवा में अनेक बार ऐसी परिस्थितियां सामने आती हैं, जहां धैर्य, संयम और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कानून व्यवस्था बनाए रखने, लोगों की समस्याओं को सुनने तथा तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने के दौरान मानसिक संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। कार्यशाला आईजी रामगोपाल गर्ग, एसएसपी रजनीश सिंह एवं एएसपी मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित है। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रह्माकुमारीज बिलासपुर की बीके संतोषी दीदी एवं डॉ कमल छाबड़ा भाई का विशेष सहयोग रहा।

जीवत भाई भतमी
केंद्रीय राज्यमंत्री
बिलासपुर सांसद, जननेता
मा. श्री तोखन साहू जी
विधानसभा अध्यक्ष
डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिवस की
एवं नवरात्रि एवं दशहरा पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुजीत वर्मा
अध्यक्ष-नगर पालिका लोरमी
दिनेश कुमार साहू
जिला उपाध्यक्ष- भाजपा मुंगेली (छ.ग.)
विश्वास दुबे
सभापति
नगर पालिका लोरमी
डॉ. अशोक जायसवाल
उपाध्यक्ष
नगर पालिका लोरमी
संकलनकर्ता
कृष सोनी
प्रतिनिधि हरिभूमि लोरमी


हमनें बनाया है हम ही सवारेंगे
मा. श्री तोखन साहू जी
केंद्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार एवं सांसद बिलासपुर लोकसभा
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विशाल सिंह
जिला उपाध्यक्ष
किसान मोर्चा बिलासपुर शहर
सौरभ पाण्डेय
समाजसेवी
राजकमल साहू
जिला मंत्री,
किसान मोर्चा बिलासपुर शहर

खपराखोल में धुरी समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

ध्वजा यात्राः नगोई से जलसो तक उमड़े श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शारदीय नवरात्रि पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के नेतृत्व में निकाली जा रही धार्मिक ध्वजा यात्रा के चौथे दिन भी आस्था, उत्साह और सामाजिक एकजुटता का अनूठा संगम देखने को मिला। वैष्णोदेवी मंदिर नगौई से प्रारंभ हुई यात्रा में माता के जयकारों, पारंपरिक स्वागत और श्रद्धालुओं की सहभागिता ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। गांव-गांव में मिल रहे आत्मीय स्वागत के बीच यह यात्रा सनातन संस्कृति, पारिवारिक संस्कारों और सामाजिक समरसता का संदेश लेकर आगे बढ़ती रही।

■ विधायक सुशांत शुक्ला का परिवार हुआ शामिल

चौथे दिन यात्रा का शुभारंभ ग्राम नगौई स्थित माँ वैष्णोदेवी मंदिर से हुआ। इसके पश्चात माँ महामाया मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया। माता की आराधना और जयकारों के साथ यात्रा ग्राम बैमा पहुँची। इसके बाद धुरीपारा, पौसरा, माँ कोशगाई मंदिर, परसदा, सेमरा, सेमरी, भरारी और जलसों सहित विभिन्न पड़ावों पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह माता की ध्वजा का स्वागत किया गया और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। धार्मिक यात्रा के दौरान ग्राम खपराखोल में विधायक श्री सुशांत शुक्ला ने विधायक निधि से 20 लाख की लागत से धुरी समाज के लिए निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इस भवन के निर्माण से समाज के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। धार्मिक आस्था के साथ विकास कार्य का यह पड़ाव सामाजिक सहभागिता और जनसेवा के संकल्प को भी रेखांकित करता है। यात्रा के दौरान धार्मिक परंपराओं के साथ समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़ाव और उनकी आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशीलता का संदेश भी सामने आया।

विधायक के परिजन भी हुए शामिल

यात्रा में विधायक सुशांत शुक्ला की धर्मपत्नी छाया शुक्ला, बहन श्वेता पांडेय शुक्ला तथा उनके दोनों बच्चे भी विशेष रूप से शामिल हुए। परिवार की सहभागिता श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र रही। परिवार की इस सहभागिता ने यात्रा में आत्मीयता का रंग भरने के साथ पारिवारिक संस्कारों और नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं से जोड़ने का संदेश दिया। श्रद्धालुओं के बीच परिवार की उपस्थिति ने आयोजन को एक भावनात्मक और पारिवारिक स्वरूप भी प्रदान किया। ग्राम नगौई में सरपंच सुचिता सत्येंद्र गड़ेवाल के नेतृत्व में यात्रा का आत्मीय स्वागत किया गया। ग्राम बैमा में सरपंच श्री फत्तेलाल सूर्यवंशी तथा पौसरा में सरपंच श्री प्रहलाद यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ अभिनंदन किया। ग्राम परसदा में सरपंच श्री अजय टेगवर के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत किया गया। यहां सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति की सहभागिता विशेष आकर्षण रही। माता के जयकारों और ग्रामीणों के उत्साह ने स्वागत को यादगार बना दिया। विभिन्न ग्रामों में मिल रहे स्नेह और सहभागिता ने यात्रा को जनआस्था का व्यापक स्वरूप प्रदान किया।

सेमरताल में रात्रि विश्राम

चौथे दिन की यात्रा विभिन्न पड़ावों से होते हुए जलसों पहुंची, जहाँ से आगे बढ़ते हुए रात्रि विश्राम सेमरताल में हुआ। पाँचवें दिन यात्रा सेमरताल से प्रारंभ होकर गतौरी, भदोरियाखार, रमतला और कछार सहित निर्धारित पड़ावों से होकर आगे बढ़ेगी। मां महामाया की भक्ति, सनातन संस्कृति के गौरव और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ आगे बढ़ रही यह ध्वजा यात्रा बेलतरा विधानसभा के विभिन्न ग्रामों को धार्मिक आस्था के सूत्र में जोड़ रही है। श्रद्धालुओं की सहभागिता, मातृशक्ति का उत्साह और गाँव-गाँव में मिल रहा स्वागत यात्रा के प्रत्येक पड़ाव को विशेष बना रहा है।

उपमुख्यमंत्री साव ने किया नागरिकों से सीधे संवाद

लोरमी। आम नागरिकों की समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों को सुनकर उनके निराकरण के लिए शासन-प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से बुधवार 14 अक्टूबर को स्थानीय रेस्ट हाउस में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जनदर्शन में पहुंचे आम नागरिकों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना।



उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने ग्राम तुलसाघाट निवासी लाल दास खाण्डेकर की मांग पर तत्काल श्रवण यंत्र प्रदान कर उन्हें लाभान्वित किया। श्री साव ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विकास एवं निर्माण कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विकास कार्यों के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप अधोसंरचना को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

जनदर्शन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों की समस्याओं को सीधे सुनने और उनके समाधान की दिशा में आवश्यक पहल करने का अवसर मिलता है। शासन की मंशा है कि, आम नागरिकों को योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ मिले तथा उनकी समस्याओं का नियमानुसार निराकरण हो। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, वनमंडलाधिकारी तन्यम कौशिक, लोरमी एसडीएम रेखा चंद्रा सहित अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

भाजपा जनहितैषी पार्टी: कौशिक

34 करोड़ की सड़क होगी वरदान साबितः धर्मजीत

सकरी। बेहतर सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों को भी गति प्रदान करती हैं इस सड़क के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अधोसंरचना का विस्तार हमारी प्राथमिकता है।



उक्त उदगार ग्राम मेढ़पार छोटा में बूटेना से धौराभाठा तक 34 करोड़ 16 लाख की लागत से 12ः 50 किलोमीटर तक बनने वाली सड़क निर्माण के शुभारंभ के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी से बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस गांव में उनका बचपन बीता है। उनके ही कार्यकाल में प्रथम बार यहां पतली सड़क का निर्माण हुआ था उसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रहने के दौरान नई सड़क बनी उसके बाद पूर्व कि कांग्रेस सरकार में एक घमेला गिट्टी तक इस जर्जर सड़क पर नहीं डाली गई और आज भाजपा की सरकार में फिर से इस सड़क का निर्माण हो रहा है। निश्चित ही भाजपा ऐसी पार्टी है जो जनहितैषी है । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तखतपुर विधायक डॉ. धर्मजीत सिंह ने कहा कि यह सड़क अत्यंत ही जर्जर अवस्था में थी मैंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से प्रस्ताव मंगाकर इसे बजट में शामिल कराया और इस सड़क की स्वीकृति के लिए प्रयासरत रहा। आखिरकार तखतपुर और बिल्हा के 9 ग्रामीण क्षेत्रों को एनएच से जोड़ने वाली इस सड़क की स्वीकृति मिली। श्री सिंह ने मेढ़पार छोटा पंचायत में 10 लाख रुपये के विकासकार्यों की घोषणा की। क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि मेढ़पार में सड़क भाजपा की शासन में पहले भी बनी थी और आज भी भाजपा के शासन में भी बन रही है। कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष द्वय संतोष कौशिक गुरुजी, अश्वनी शर्मा, जिला महामंत्री सोमेश तिवारी, जिपं उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, विशाल विक्की सिंह उपाध्यक्ष जिला किसान मोर्चा, जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जिपं सभापति अंबिका साहू, मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर, रवि मेहर, सरपंच रामेश्वर यादव, बृजपाल सिंह हूरा ने भी संबोधित किया।

■ मेंढ़पार छोटा में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री अश्वनी साहू एवं आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री शैलेन्द्र कौशिक ने किया। इस अवसर पर राजेश तंबोली, कृष्ण कुमार साहू, अमित मंदानी, लव पाण्डेय, अंकित अग्रवाल पार्षद, उमाशंकर कश्यप, इंद्रजीत क्षत्रिय, छोटेलाल शर्मा, धनीराम यादव, टिकेश्वर कौशिक, कार्यपालन अभियंता प्रियंका मेहता, उप सरपंच अनीता निषाद, दिलहरण केवट, भोलानाथ तिवारी, श्यामता कौशिक, हरप्रसाद कौशिक, योगेश साहू, रामफल निर्मलकर, वीरेंद्र कौशिक, ललित यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

सतनामी समाज के प्रतिनिधियों का सम्मान

बोदरी। जागरूक सतनामी समाज के तत्वाधान में बिल्हा विधानसभा स्तरीय नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं छड़ीदार भंडारी महंत राज महंत सम्मान समारोह का आयोजन राज महंत मिश्रा गांधी बंजारे के द्वारा रखा गया। जिसमें मुख्य रूप से समाज में हो रहे बिखराव, शिक्षा, समानता, बराबरी, एकता, भाईचारा, पाखंडवाद से दूरी रूढ़िवाद से बाहर निकलना आदि विषयों के ऊपर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर शिवकुमार डहरिया पूर्व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्मल कोसरे प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग छत्तीसगढ़ एवं महापौर भिलाई दुर्ग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अभिभाषण में शिवकुमार डहरिया और निर्मल कोसरे के द्वारा बिल्हा विधानसभा में 70 हजार सतनामी समाज के लोग रहते है। वह सभी एक जुट हो कर रहे आने वाले समय में सब एक होकर संघर्ष करे छत्तीसगढ़ में पहली बार यह ऐसा कार्यक्रम हुआ जिसमें पंच सरपंच पार्षद जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य एवं समाज के छड़ीदार भंडारी महंत जिला महंत और राज महंतों का स्वागत साल और श्रीफल से किया गया। यह जानकारी कार्यक्रम के अध्यक्ष राज महंत मिश्रा गांधी बंजारे से प्राप्त हुआ।



खबर संक्षेप

महिला किसान दिवस पर दिव्या होंगी सम्मानित

मल्हार। राष्ट्रीय महिला किसान दिवस अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस पर 15 अक्टूबर को नगर के प्रसिद्ध डीजे वर्मा जैविक कृषि फार्म की संचालक एवं प्रगतिशील महिला कृषक दिव्या देवी वर्मा को भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने हेतु आमंत्रित किया गया है। दिव्या देवी वर्मा 15 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित भारतीय लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय महिला किसान महासम्मेलन में भाग लेंगी। बुधवार को वे कृषि विभाग की ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अर्चना तिर्की के साथ स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर से नई दिल्ली के लिए रवाना हुईं।



बैठक में पर्व की तैयारियों पर चर्चा

मुंगेली। शहर के दाऊपारा में विजयादशमी पर्व पर आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्रीराम दशहरा समिति द्वारा इस वर्ष भी रेस्ट हाउस ग्राउंड में विशाल रावण दहन एवं विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन में शामिल होते हैं। विशाल रावण, आकर्षक सजावट और भव्य आतिशबाजी इस कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहते हैं। आगामी दशहरा उत्सव को भव्य रूप देने के उद्देश्य से वरुण सुजुकी शोरूम में श्रीराम दशहरा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, तैयारियों और आयोजन को पिछले वर्ष की तुलना में अधिक आकर्षक बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विशाल रावण के निर्माण, भव्य आतिशबाजी, आकर्षक सजावट और बड़े मंच की व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श किया गया। इसके साथ ही आयोजन स्थल पर भीड़ को व्यवस्थित रखने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बैरिकेडिंग की व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। समिति की बैठक में इस वर्ष आतिशबाजी को और अधिक आकर्षक, भव्य और नए अंदाज में प्रस्तुत करने पर विशेष जोर दिया गया। आयोजन को यादगार बनाने के लिए पिछले वर्ष से भी बेहतर व्यवस्था करने और दर्शकों को आकर्षित करने वाले कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा की गई।

निधन



निशा त्रिपाठी

मस्तूरी। नगर के प्रतिष्ठित पुरोहित पंडित राधेश्याम त्रिपाठी की पुत्रवधू श्रीमती निशा त्रिपाठी का 14 अक्टूबर बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे वीरेंद्र त्रिपाठी की पत्नी एवं मयंक त्रिपाठी की मां थी।




जीवेत शरदः शतम्
केंद्रीय राज्यमंत्री
बिलासपुर सांसद, जननेता
मा. श्री तोखन साहू जी
एवं
विधानसभा अध्यक्ष
डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती वर्षा सिंह
अध्यक्ष-जनपद पंचायत लोरमी
विक्रम सिंह
वरिष्ठ भाजपा नेता
सौजन्य : एक शुभचिंतक लोरमी


केंद्रीय राज्यमंत्री
बिलासपुर सांसद, जननेता
मा. श्री तोखन साहू जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रीय
अध्यक्ष सरपंच संघ लोरमी
सरपंच ग्राम पंचायत बोईरपारा
नारायण सिंह कोषाध्यक्ष
ननकू भिखारी सरपंच
श्रीमती ईश्वरी जायसवाल उपाध्यक्ष
दुर्गा डाहिरे उपाध्यक्ष
गनपत साहू उपाध्यक्ष
नरेन्द्र ध्रुव सचिव
श्रीमती प्रतिभा साहू कार्यकारी अध्यक्ष
प्रेमी साहू सरपंच- मोहतरा तेली
जोगन कुर्रे सरपंच- बिचारपुर
हेमलता ध्रुव सरपंच- बिजराकांपा
नारायण साहू सरपंच-सरईपतेरा
मोहन ध्रुव सरपंच- कुंभरौली
लोकेन्द्र ध्रुव सरपंच- खेकतरा
छोटू नवरंग सरपंच- तेलियापुरान
सुरेन्द्र साहू स. प्र. - डिंडोल
अमर सिंह ध्रुव सरपंच- महामाई
राजकुमार अनंत सरपंच- सेमरसल
अमरनाथ ध्रुव सरपंच- नारायणपुर
कालेश्वर कश्यप सरपंच- हड़गांव
चंदू ध्रुव सरपंच- गैजी
चंद्रमणि साहू सरपंच- बघरीभांवर
दरबारी साहू सरपंच- औराबांधा
मनीष कुमार कश्यप सरपंच- पीपरखुंटा
हरेश्य कुमार यादव सरपंच- लच्छनपुर
सुरेश कुमार कुर्रे स.प्र. बिचारपुर
विजय ध्रुव स.प्र. बिजराकांपा
वितरंजन साहू स.प्र. मोहतरा तेली
सौजन्यः ग्राम पंचायत सरपंच संघ विकासखण्ड लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)


बिलासपुर सांसद
केन्द्रीय राज्य मंत्री
मान. तोखन साहू जी
को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई
मान. तोखन साहू जी
सुजीत वर्मा
अध्यक्ष
नगर पालिका लोरमी
सौजन्य : एक शुभचिंतक


बिलासपुर सांसद
केन्द्रीय राज्य मंत्री
श्री तोखन साहू जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई
अशोक साहू
एल्डरमेन
नगर पालिका लोरमी
सौजन्य : एक शुभचिंतक


बिलासपुर सांसद
केन्द्रीय राज्य मंत्री
श्री तोखन साहू जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई
विनय साहू
प्रदेश मंत्री
भाजपा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा
सौजन्य : पीयूष साहू, लोरमी


बिलासपुर सांसद
केन्द्रीय राज्य मंत्री
श्री तोखन साहू जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई
राजेन्द्र साहू
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत लोरमी
सौजन्य : समस्त जनपद क्षेत्र डिंडोरी


बिलासपुर सांसद
केन्द्रीय राज्य मंत्री
श्री तोखन साहू जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई
राजेन्द्र साहू
मंडल अध्यक्ष, भाजपा डिंडोरी
सौजन्य : भाजपा मंडल डिंडोरी


बिलासपुर सांसद
केन्द्रीय राज्य मंत्री
श्री तोखन साहू जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई
कुशल यादव
सचिव
संदीप यादव
महामंत्री, भाजपा मंडल लोरमी
चंद्रिका जायसवाल
सरपंच कोदवा मंहत
सुशील यादव
भाजपा मंडल अध्यक्ष लोरमी
उपसरपंच-सतीश जायसवाल, पंचगण-कलम सिंह मरावी, शीतला जायसवाल, चंद्रिका जायसवाल, महेन्द्र जायसवाल, ज्योति ध्रुव, नीता मरावी, ममता जायसवाल, पुष्पा जायसवाल, गणेश जायसवाल, रामवतार जायसवाल, हेमंत डड़सेना, समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत कोदवा मंहत
सौजन्यः ग्राम पंचायत कोदवा मंहत


बिलासपुर सांसद
केन्द्रीय राज्य मंत्री
श्री तोखन साहू जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई
दिनेश कश्यप
भाजपा मंडल अध्यक्ष, देवरहट
सौजन्य : भाजपा मंडल देवरहट


केन्द्रीय राज्य मंत्री,
बिलासपुर सांसद, जननेता
मान. श्री तोखन साहू जी
विधानसभा अध्यक्ष
मान. डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिवस एवं नवरात्रि एवं दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं ..
नरोत्तम राजपूत, मण्डल उपाध्यक्ष लोरमी
छ.ग. दिशा प्रतिनिधि,
शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री
सौजन्य: नवदुर्गा इलेक्ट्रिकल्स & इलेक्ट्रॉनिक्स
मुंगेली रोड, लोरमी


बिलासपुर सांसद केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू जी
को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई
उत्तम साहू
अध्यक्ष-भा.ज.यु.मो.
मंडल देवरहट
श्रीमती दुर्गा साहू
सरंपच-ग्रा.पं. मनोहरपुर
पूर्व सदस्य जनपद पंचायत लोरमी
श्रीमती रामदुलारी साहू
सभापति- जनपद पंचायत लोरमी
पूर्व सरंपच-ग्रा.पं. मनोहरपुर


बिलासपुर सांसद केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू जी
को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई
हेमलता ध्रुव
सरपंच
उत्तम ध्रुव
सरपंच-प्रतिनिधि, उपाध्यक्ष भाजपा मंडल
शिवपूजित ध्रुव
सचिव
उप सरपंच
समस्त पंचगण
एवं ग्रामवासी
ग्रा.पं. कठौतिया


संकलनकर्ता
नूतन गुप्ता
हरिभूमि प्रतिनिधि, लोरमी
सचिव-प्रेस क्लब लोरमी
मो. 9981005353

जीवन शब्दः शतम्
केंद्रीय राज्यमंत्री
बिलासपुर सांसद, जननेता
मा. श्री तोखन साहू जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र राजपूत
भाजपा सदस्य
दिनेश राजपूत (गुरूजी)
जिलाध्यक्ष - भाजपा किसान मोर्चा बिलासपुर शहर
पूर्व जिलाध्यक्ष - शिक्षक संघ बिलासपुर
संकलनकर्ता
टेकचंद कारड़ा
हरिभूमि प्रतिनिधि
तखतपुर

खबर संक्षेप

भाजपा किसान मोर्चा करेगा तोखन का स्वागत



तखतपुर/बिलासपुर। सांसद एवं केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के जन्मदिवस पर 15 अक्टूबर को उसलापुर स्थित विनायक प्लाजा में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में 15 अक्टूबर को प्रातः 11:45 बजे कार्यालय सिंदूर सोलर एवं द सैफरन कैफे, विनायक प्लाजा, गोखले नाला के पास, उसलापुर कार्यक्रम का आयोजन होगा। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत गुरुजी के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं संगठन के पदाधिकारियों की सहभागिता से यह अवसर आत्मीयता, सम्मान और संगठनात्मक एकजुटता की भावना को अभिव्यक्त करेगा।

अखिलेश बनाए गए सिटी कोतवाली के टीआई



मुंगेली। अखिलेश वैष्णव सिटी कोतवाली टीआई बनाए गए। कार्तिकेश्वर प्रसाद जांगड़े को थाना प्रभारी पथरिया के रूप में पदस्थ किया गया है। प्रशासनिक फेरबदल के तहत सिटी कोतवाली मुंगेली, लोरमी और पथरिया थानों में नए प्रभारियों की पदस्थापना की गई है। जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक कार्तिकेश्वर प्रसाद जांगड़े जो वर्तमान में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली मुंगेली की जिम्मेदारी संभाल रहे थे, उन्हें अब थाना प्रभारी पथरिया पदस्थ किया गया है। वहीं थाना प्रभारी लोरमी के पद पर कार्यरत निरीक्षक अखिलेश कुमार वैष्णव को सिटी कोतवाली मुंगेली की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में निरीक्षक पवन कुमार देवांगन जो वर्तमान में थाना प्रभारी पथरिया के पद पर पदस्थ थे, उन्हें थाना प्रभारी लोरमी बनाया गया है। इस तरह जिले के तीन प्रमुख थानों में प्रभारियों की जिम्मेदारियों का आपस में बदलाव किया गया है।

बुढ़ीखार स्कूल में पालक-अभिभावक बैठक



मल्हार। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ीखार में पालक-अभिभावक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से किया गया। इसके बाद कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित कर पालकों के साथ उनकी विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय और पालकों के बीच आपसी समन्वय को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा में शिक्षकों के साथ-साथ पालकों की भी अहम भूमिका होती है। यदि शिक्षक और पालक मिलकर बच्चों की कमजोरियों को पहचानकर उन्हें दूर करने का प्रयास करें, तो परीक्षा परिणाम में निश्चित रूप से सुधार लाया जा सकता है। बैठक में प्राचार्य काशीराम रजक, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मिथिला थवाईत, प्रधान पाठक बीरबल थवाईत, विद्यार्थियों के पालक-अभिभावक तथा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

गौरवपथ पर जगह-जगह बने गड्ढे



मुंगेली। ग्राम पंचायत नवागांव घुठेरा का ग्राम गौरव पथ वर्तमान में पूरी तरह जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। सड़क पर जगह-जगह दरारें, उखड़ी हुई सतह और गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों और किसानों का आना-जाना होता है, ऐसे में सड़क की बदहाल स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। ग्राम गौरव पथ ग्रामीणों के लिए आवागमन का महत्वपूर्ण साधन है। प्रतिदिन इसी रास्ते से स्कूली बच्चे पढ़ने के लिए आते-जाते हैं, वहीं किसान भी अपने कृषि कार्यों के सिलसिले में इस मार्ग का उपयोग करते हैं। सड़क की खराब स्थिति के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विशेषकर छोटे बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को सावधानीपूर्वक आवागमन करना पड़ता है। लगभग दो दशक पुरानी इस सड़क की वर्तमान स्थिति को देखते हुए इसके नवीनीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ग्रामीणों की मांग है कि संबंधित विभाग सड़क का निरीक्षण कराकर इसकी मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक पहल करे, ताकि स्कूली बच्चों, किसानों और आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस महत्वपूर्ण ग्राम गौरव पथ की सुध कब लेता है और ग्रामीणों को जर्जर सड़क से कब राहत मिलती है।

खेत में लगे पंप की चोरी, पांच गिरफ्तार



भरींडांड़। पुलिस ने ग्राम परासी में खेतों में सिंचाई के लिए लगे सबमर्सिबल पंप चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने चोरी करने वाले 3 और चोरी का माल खरीदने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 3 सबमर्सिबल पंप और घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त की है। पुलिस के अनुसार ग्राम परासी के संदीप केवट, कृष्ण कुमार केवट और खेलन केवट के बोर घर का एल्बेस्टर और ताला तोड़कर टेक्समो, कोयल और सीआरआई कंपनी के पंप चोरी हो गए हैं। इस पर थाना मरवाही में अपराध पंजीबद्ध हुआ। पुलिस ने मुखबिर सूचना पर दीपक कुमार यादव उर्फ छोटू (27), उगेश कुमार केवट (25) और आदित्य कुमार केवट उर्फ बबलू (24) को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने पंप विष्णु प्रसाद प्रजापति (35) और सुंदर केवट उर्फ दाऊ (32) को बेचना कबूला। सभी 5 निवासी परासी, चौकी सिवनी के हैं। निशानदेही पर 3 पंप और हीरो पैशन बाइक सीजी 31सी 7045 जब्त की गई। प्रकरण में धारा 317(2) व 3(5) भी जोड़ी गई है। पांचों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

महामाया के दरबार में दर्शन एवं पूजन के लिए दूर-दूर से पहुंच रहे श्रद्धालु

सिद्धेश्वरी महामाया मंदिर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेतगंगा/मुंगेली



नगर में नवरात्रि पर्व को लेकर दुर्गा उत्सव समितियों की ओर से भी तैयारियां की गई है श्रीराम जानकी मंदिर के पास ही मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाएं भव्य पंडालों में विराजित की गई है। प्रतिमा स्थापना के साथ ही पंडालों में पूजा और अन्य धार्मिक गतिविधियां शुरू हो गई है शाम तक पंडालों में श्रद्धालुओ के पहुंचने से नगर में उत्सव का माहौल है।

मुंगेली पंडरिया मुख्य मार्ग के मध्य धर्म नगरी सेतगंगा धाम में स्थित अद्वितीय श्रीराम जानकी एवं मां सिद्धेश्वरी महामाया मंदिर श्रद्धा, आस्था और आध्यात्मिक चेतना का प्रमुख केन्द्र बिंदु है। नवरात्रि पर्व पर मां सिद्धेश्वरी महामाया मंदिर में 441 तेल और 7 घृत मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है। ज्योति कलश प्रज्वलन के साथ ही संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से आलौकिक हो उठा है। मां सिद्धेश्वरी महामाया के दरबार में दर्शन एवं पूजन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आ रहे हैं। अपनी मनोकामना पूर्ण के लिए मातारानी के चरणों में शीश झुका रहे हैं। मंदिर परिसर में प्रतिदिन अंचल की जस सेवा एवं भजन मंडलियों द्वारा माता सेवा की जा रही है। नवरात्रि पर्व पर मां सिद्धेश्वरी महामाया जी का विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। सेवा समिति के संस्थापक पंडित दीना नाथ उपाध्याय ने बताया कि सिद्धेश्वरी महामाया की यह पावन धरा श्रद्धा शक्ति लोक कला संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का ऐसा केंद्र है जहां भक्ति की ज्योति निरंतर प्रज्वलित रहती है।

खुडिया मंदिर में ज्योति कलश प्रज्जलित

हर वर्ष की भांति इस वर्ष अभी मां खुडिया सेवा समिति द्वारा मां खुडिया मंदिर नवागढ़ रोड में भक्तजनों द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया है जिसमें प्रतिदिन सुबह शाम आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया जाता है आसपास के जस सेवा मंडली के द्वारा जस गीत सेवा भजन किया जा रहा है। जिसमें श्रद्धालु भक्तजन प्रतिदिन बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं।

जबलपुर से पेंड्रा पहुंचीं मन्नत वाली महाकाली



पेंड्रा। जिले के धार्मिक एवं सांस्कृतिक इतिहास में 13 अक्टूबर 2026 का दिन एक विशेष अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। मंगलवार को जबलपुर के प्रसिद्ध गाढ़ाफाटक में निर्मित मां मन्नत वाली महाकाली की भव्य प्रतिमा का पेंड्रा आगमन हुआ, तो उनके स्वागत और प्रथम दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। मां को प्रेमपूर्वक 'पेंड्रा की महारानी' कहकर पुकारने वाले भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला। भव्य आगमन यात्रा, आकर्षक झांकियों, धुमाल-डीजे की गूंज, पुष्पवर्षा और मां के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा।

■ स्वागत में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मां महाकाली की दिव्य प्रतिमा जब गौरेला से होते हुए पेंड्रा नगर पहुंची, तो जगह-जगह श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। खेरमाई चौक और संजय चौक, गौरेला से लेकर न्यू बस स्टैंड, टॉकीज रोड और बजरंग चौक, पेंड्रा तक स्वागत को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। मां मन्नत वाली महाकाली की भव्य प्रतिमा का निर्माण जबलपुर के गाढ़ाफाटक के प्रसिद्ध मूर्तिकार मनोज बीपी पटेल ने किया है। इस दौरान दुर्ग की प्रसिद्ध नटराज धुमाल पार्टी सहित दिल्ली, प्रयागराज, बनारस, जबलपुर और अन्य शहरों से आए कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। शोभायात्रा में महाकाल अघोरी तांडव, शिव-पार्वती विवाह और बाहुबली हनुमान की झांकियों के साथ गोरिल्ला, भालू तथा भूतों की टोली जैसी मनोरंजक प्रस्तुतियों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। भव्य आतिशबाजी, एलईडी वॉल, फायर शो और मां महाकाली के विशेष फेस रिवील कार्यक्रम को लेकर भी श्रद्धालुओं में खास उत्सुकता रही। पारंपरिक धार्मिक आस्था और आधुनिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के संगम ने आयोजन को विशेष स्वरूप प्रदान किया।

लोहर्सी में 14 स्थानों पर विराजीं मां दुर्गा, भक्तिमय हुआ माहौल



लोहर्सी। पचपेड़ी क्षेत्र की ग्राम पंचायत लोहर्सी में नवरात्र पर्व पर जगह-जगह मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। गांव में कुल 14 अलग-अलग स्थानों पर मां दुर्गा विराजमान हैं। विभिन्न स्वरूपों में सजी मां दुर्गा की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। ग्राम पंचायत लोहर्सी में मंदिर चौक, कनौजिया पारा, बस स्टैंड, परस चौक, आदर्श चौक और कबीर आश्रम सहित 14 स्थानों पर मां दुर्गा की स्थापना की गई है। सभी पूजा स्थलों पर श्रद्धालु भक्तिभाव के साथ मां दुर्गा की आराधना कर रहे हैं। नवरात्र के चलते पूरे गांव में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

अष्टभुजी दुर्गा मंदिर हथनीकला में उमड़े श्रद्धालु



धरमपुरा। क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिर मां अष्टभुजी दुर्गा मंदिर हथनीकला में बुधवार चतुर्थी तिथि को मां कूष्मांडा स्वरूप की आराधना पूजन किया गया। यहां नवरात्र के दोनों पर्वों में भक्तों के द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराये जाते है। इस शारदीय नवरात्रि में श्रद्धालुओं के द्वारा 1760 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराये गये है। मंदिर परिसर को बहुत ही मनोहारी ढंग से सुसज्जित किया गया है।आज मां के दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता पूरे दिन भर लगा रहा। मंदिर विकास समिति के सभी सदस्यों के साथ ही पूरे ग्रामवासी मां के सेवा में लगे हुए हैं।

मनका दाई, चंडी देवी और मां मौली मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित



पचपेड़ी। नवरात्रि पर्व पर पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम लोहर्सी स्थित मां मनका दाई, मां चंडी देवी और मां मौली मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए। मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्वलित होने से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। श्रद्धालु माता रानी की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। ग्राम लोहर्सी के मां मनका दाई मंदिर में 132 तेल ज्योति कलश और 9 घी ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। वहीं मां चंडी देवी मंदिर में 366 मनोकामना ज्योति कलश के साथ 10 जवारा कलश स्थापित किए गए हैं। इसी क्रम में मां मौली मंदिर में 90 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। नवरात्रि के दौरान तीनों मंदिरों में श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखने को मिल रहा है। माता के जयकारों और पूजा-अर्चना से मंदिर परिसर भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए माता के दरबार में ज्योति कलश स्थापित कर विधि-विधान से पूजा कर रहे हैं। ग्राम पंचायत लोहर्सी में स्थित इन देवी मंदिरों में नवरात्रि के अवसर पर धार्मिक आस्था का विशेष माहौल बना हुआ है।

वर्षों से लंबित मांग पूरी, नगर में बनेगा 5 करोड़ का इंडोर हॉल

पथरिया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक की अनुसंशा एवं प्रयास से नगर में एक बहुद्देश्यीय इंडोर हाल निर्माण स्वीकृत हुआ है। इसके साथ ही नगरवासियों की वर्षों से लंबित मांग पूरी होने जा रही है। इस आशय पर खेल एवं युवा मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन की ओर से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

विभाग के पत्र अनुसार नगर के वार्ड 1 लक्षनपुर में 499.82 लाख लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से एक इंडोर हाल बनेगा. जिसका उपयोग इंडोर खेल, सभा, संगोष्टियों के लिया किया जा सकेगा। उक्त जानकारी देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णब ने कहा कि, विधायक महोदय के प्रयास से नगर को लगभग 5 करोड़ के इंडोर हॉल की सौगात मिली है। पिछले दो माह में यह नगर के लिए तीसरी बड़ी सौगात है, उससे पहले ढाई करोड़ के मंगल भवन, एवं 4 करोड़ से अधिक की राशि से जनपद सड़क का निर्माण शामिल है। इसके अनुसार तीन माह में 10 करोड़ से अधिक के वीएक्स कार्यों की स्वीकृति मिली है।इन कार्यों के लिए हुलसी रघु वैष्णब ने धरमलाल कौशिक का नगर वासियों की ओर से आभार जताया। धरमलाल कौशिक ने कहा कि, केंद्र की नरेंद्र मोदी और राज्य की साय सरकार ने बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में करोड़ोz के विकास कार्य स्वीकृत किए हैं। हमारी सरकार गांव, नगर को उनके आवश्यकता अनुसार सुविधाओं से पूर्ण करने का कार्य कर रही है। पथरिया में भी नगरीय सुविधाओं के बढ़ोतरी के लिये शासन के हर विभग से विकास कार्य की स्वीकृति दिलाई जा रही है। इन सभी विकास कार्य की स्वीकृति के लिये उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्तमंत्री ओपी चैधरी व उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार जताया।

धूमधाम से मनी महाराजा अग्रसेन की जयंती



गौरेला। नगर में महाराजा अग्रसेन की जयंती पर महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जयंती महोत्सव के दौरान अग्रवाल समाज द्वारा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महाराजा श्री अग्रसेन जी के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

समिति के अध्यक्ष अतुल अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष जयंती महोत्सव के अवसर पर अनेक रोचक खेलकूद एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महोत्सव के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। नगर में उत्साह और श्रद्धा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इसके पश्चात संजय चौक में महाराजा अग्रसेन की महाआरती की गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान और भव्य शोभायात्रा के साथ महाराजा श्री अग्रसेन जी का जयंती महोत्सव उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

खेत में उतरी यात्रियों से भरी तेज रफ्तार बस



मुंगेली। मुंगेली के चातरखार बायपास रोड पर बुधवार की दोपहर 30 यात्रियों से भरी एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे धान के खेत में जा उतरी। हादसे में जान माल की क्षति नहीं हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा सुबह की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों और सूत्रों के हवाले से मिली खबर के मुताबिक, चलती बस का अचानक स्टेयरिंग फेल हो गया, जिसके चलते चालक का वाहन पर से संतुलन पूरी तरह बिगड़ गया और बस लहराते हुए सड़क से नीचे उतरकर सीधे धान के खेत में जा धंसी। यह बस 'गुरु कृपा' ट्रेवल्स की बताई जा रही है, जो दामापुर, फास्टरपुर, मुंगेली और तखतपुर के रास्ते बिलासपुर की ओर जा रही थी। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीण व स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया तथा क्रेन और भारी मशीनों की मदद से धान के खेत में फंसी बस को बाहर निकालने के प्रयास किए गए लगभग 2.30 बजे 2 जेसीबी मशीनों से निकाला गया। इस हादसे के कारण चातरखार बायपास मार्ग पर कुछ समय के लिए वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन प्रभावित रहा। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में किसी बड़े जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

उद्यानिकी कालेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम, विद्यार्थियों को मिला सफलता का मंत्र



बिल्हा। उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र हथनी में अधिष्ठाता डॉ. तोरन लाल साहू के मार्गदर्शन मंर नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बिल्हा सहित ग्राम निपानिया की सरपंच रामेश्वरी कोसले एवं सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार कोसले उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन का महत्व बताते हुए कहा कि अनुशासन, नियमित अध्ययन और समय का सदुपयोग सफलता की कुंजी हैं। अधिष्ठाता डॉ. तोरन लाल साहू ने विद्यार्थियों को उच्च लक्ष्य निर्धारित करने, कठिन परिश्रम करने तथा अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ विद्यार्थियों ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावक एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक सुरेश कुमार, पुष्पांजलि पंकज, डॉ. मकसूदन वर्मा, डॉ. संध्या साहू, डॉ. मुकेश कुमार पटेल, डॉ. रोहित, डॉ. रितु स्वर्णकार तथा किरण साहू शामिल रहे।

दुर्गा पंडाल में पूजा कर लौट रहे पंडित से मारपीट, मामला दर्ज

खम्हरिया। सीपत क्षेत्र के ग्राम बिटकुला में दुर्गा पूजा के दौरान एक पंडित के साथ अभद्र व्यवहार, अश्लील गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

इस संबंध में पीड़ित पंडित ने सीपत थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।जानकारी के अनुसार, प्रार्थी विनोद कुमार पाण्डेय उम्र 56 वर्ष, निवासी ग्राम बिटकुला ने पुलिस को बताया कि वे 11 अक्टूबर को ग्राम बिटकुला के पैगवा मोहल्ला स्थित दुर्गा पंडाल में पूजा कराने गए थे। पूजा संपन्न होने और प्रसाद वितरण के बाद जब वे राणकल साहू के घर के पास पहुंचे, तभी गांव के ही रहने वाले राम फल साहू (पिता सीताराम साहू) वहां पहुंचे और शराब के नशे में उनके साथ अश्लील गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित ने सीपत थाना प्रभारी से आरोपी के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

सिरगिट्टी को 13 करोड़ के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सौगात



बिलासपुर। सिरगिट्टी में प्रस्तावित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए राज्य सरकार से 13 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर सेकंड इनिंग कमेटी सिरगिट्टी ने बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के प्रति आभार जताया है। बुधवार को कमेटी के सभी प्रमुख सदस्य विधायक कौशिक के परसदा स्थित निवास पहुंचे और क्षेत्र को खेल अधोसंरचना की सौगात दिलाने में उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। कमेटी के सदस्यों ने कहा कि सिरगिट्टी में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण क्षेत्र के खिलाड़ियों और युवाओं के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वर्षों से खेल मैदान की मांग की जा रही थी। अब 13 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से इस मांग के पूरी होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा है। सदस्यों ने इस पहल के लिए विधायक धरमलाल कौशिक का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बबला श्रीवास, बंटी सोनी, शेखर राव, राजू पटेल, चीकू यादव, सुदीप रजक, श्रवण वर्मा, पिंटू श्रीवास, शीतला प्रसाद त्रिपाठी और केके साहू शामिल रहे। इनके साथ पार्षद विजय सिंह मरावी और मनोज दुबे भी मौजूद रहे।

न्यायालय श्रीमान षष्ठम अपर मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)
ज्ञापन

बबलू सिरसो बनाम उत्तरा मरावी वगैरह
प्रो.क्रमांक 312, प्रकरण क्र. 561/2021
पेशी तारीख 27/11/2026

बनाम :– (1) उत्तरा मरावी पिता दरस राम मरावी उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम पछौटिया, घुण्डुकापा, पोस्ट सेमरसल, जिला मुंगेली (छ.ग.) पिन नं. 495330 (2) झाड़ूराम पिता दुखीराम साहू उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम खेकतरा, पोस्ट सेमरसल, जिला मुंगेली (छ.ग.) पिन नं.–495334

आपके विरूद्ध आवेदक द्वारा इस न्यायालय में मोटर दुर्घटना दावा संस्थित किया गया है जिसमें आपको इस न्यायालय में दिनांक 27/11/2026 को दिन के 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समस किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या अपने अन्य किसी प्लीडर के माध्यम से उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके, और प्रतिरक्षा कर सके। यदि नियत तिथि को किसी प्रकार की आपत्ति / प्रतिरक्षा नहीं दिये जाने पर उक्त प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो उक्त प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

अत: आज दिनांक 05/10/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया है।
बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक : 05/10/2026
(श्रीमती मनीषा ठाकुर)
षष्ठम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेवशन के उपयोग हेतु)

न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी तखतपुर, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)
श्रीमती अहिल्या बाई .....वादनी
विरूद्ध
उमेश कुमार वगै. .....**प्रतिवादीगण**

नोटिसी 1. प्रतिवादी क्र. 07 राहुल रामचंद्र वाधवानी पिता स्व. रामचंद्र वाधवानी उम्र 28 वर्ष निवासी सिंधी कालोनी जरहाभाठा बिलासपुर (छ.ग.) 2. प्रतिवादी क्र. 08 आकाश वाद्यकर पिता मिलाप राम वाद्यकर उम्र 33 वर्ष निवासी ओम जोन शुभम विहार मंगला, बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

प्रो.क्र.–951 व 952
व्य.वा.क्र. अ–35/2019
पेशी तिथि – 03/11/2026
आदेश दिनांक 03/10/2026

वादनी के द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष एक व्यवहार वाद वास्ते घोषणा, स्थायी निषेधाज्ञा हेतु दावा कीमती 1100/– रू. प्रस्तुत किया है। उपरोक्त वाद की पेशी न्यायालय में तारीख 03/11/2026 को सुबह 11.00 बजे नियत है जिसमें आप नोटिसीगण उपस्थित होकर अपना दावा या आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से कर सकते हैं निर्धारित तिथि में आपस नोटिसीगण प्रतिवादीगण क्र. 07 एवं 08 उपस्थित नहीं होते हैं तो आपके विरूद्ध उपरोक्त प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अगर किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख को अवकाश होने की दशा मे प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस में की जाएगी।

अत: आज दिनांक 08/10/2026 को इस न्यायालय के पद, मुद्रा एवं हस्ताक्षर सहित जारी किया गया।

दिनांक–08/10/2026
स्थान – तखतपुर बिलासपुर (छ.ग.)
(श्रीमती ऋचा यादव)
पीठासीन अधिकारी
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)


ईश्वर से आपके स्वस्थ, सुखमय एवं
सफल जीवन की कामना करते हैं।
केंद्रीय राज्यमंत्री एवं बिलासपुर सांसद
मा. श्री तोखन साहू जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
मा. कमल सोनी जी
प्रदेश अध्यक्ष छ.ग. सराफा एसोसिएशन
प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष छ.ग. चेम्बर ऑफ कॉमर्स
अध्यक्ष-बिलासपुर सराफा एसोसिएशन
विनीत : बिलासपुर सराफा एसोसिएशन
#MGR

खबर संक्षेप

म्यूल बैंक खाताधारक को किया गिरफ्तार

बिलासपुर। पुलिस ने म्यूल बैंक खाता धारक को गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, पुलिस मुख्यालय रायपुर से प्राप्त लेटर म्यूल खातों की जांच कर कार्रवाई करने संबंधी निर्देश मिला था। स्थानीय स्तर पर सभी प्रकार के म्यूल खातों की जांच कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश पर भारत शासन द्वारा संचालित पुलिस पोर्टल के माध्यम से एक्सिस बैंके संदिग्ध बैंक खाता के विरूद्ध अपराध कायम कर बैंक खाता के स्टेटमेंट का अवलोकन करने पर बैंक खाता में फ्राड राशि के साथ अन्य राशि भी जमा होकर आहरित होना पाया गया। बैंक खाता धारक हेमूनगर तहसीलदार गली निवासी विश्वजीत बाली पिता विनय कुमार बाली 33 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

22 साल से फरार स्थाई वारंटी पकड़ा गया

बिलासपुर। पुलिसने 22 साल से फरार स्थाई वारंटी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, तोरवा बंधवापारा शंकरनगर निवासी हाबिल जान पिता ऐरिक जान धोखाधड़ी के मामले में विगत 22 साल से फरार था। कोर्ट से उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया था। 14 अक्टूबर को पुलिस ने उसे पकड़कर कोर्ट में पेश किया है।

तिफरा क्षेत्र के 200 घरों में पिछले एक महीने से गंदा और दूषित पानी आ रहा





- मामले में निवासियों ने निगम अधिकारियों से शिकायत भी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम क्षेत्र में शामिल तिफरा के 200 से अधिक घरों में पिछले एक महीने से गंदा और दूषित पानी आ रहा है। इस कारण यहां रहवासियों को पीने के पानी और घरेलू जरूरतों के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने नगर निगम से जल्द समस्या दूर करने की मांग की है।खास तौर पर जोन क्रमांक 8 के विकास नगर के घरों में नलों के जरिए साफ पानी नहीं पहुंच रहा है। इससे पेयजल की गुणवत्ता को लेकर चिंता बनी हुई है। लोगों को पानी के वैकल्पिक इंतजाम करने पड़ रहे हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है। मामले में निवासियों ने निगम अधिकारियों से शिकायत भी की है।

लोगों के मुताबिक गंदे पानी की आपूर्ति से लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। दूषित पानी के सेवन से उल्टी-दस्त और पेट संबंधी संक्रमण जैसी बीमारियां हो सकती हैं। ऐसे में प्रभावित क्षेत्र में पानी की गुणवत्ता की जांच कराना और समस्या के कारणों का पता लगाना जरूरी है। रहवासियों ने इस संबंध में नगर निगम को जल्द समस्या ठीक करने के लिए कहा है। लोगों की मांग है कि संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर जलापूर्ति व्यवस्था की जांच करें और गंदे पानी की सप्लाई रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

पाइप लाइनें नालियों के बीच से गुजर रही

विकास नगर के निवासी संतोष कुमार, कुलदीप, राजेंद्र बंजारे, रंजीत बंजारे, शेष प्रताप सिंह, राजकुमार भोई, रोहित बंजारे, पवन गुप्ता, रामजी, आत्माराम साहू, राजकुमार लहरे एवं अन्य लोगों ने शिकायत में कहा है कि कई बार शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों के मुताबिक तिफरा के विकास नगर, अमेरी और आसपास के क्षेत्रों में हल्की या भारी बारिश के दौरान गोकने नाला उफान पर आ जाता है। नाले का निर्माण अधूरा और कच्चा होने के कारण इसका गंदा पानी और सिल्ट सीधे बस्तियों और रिहायशी इलाकों के घरों तक पहुंच जाता है। इसके साथ ही कई जगहों पर पेयजल आपूर्ति की मुख्य पाइपलाइनें नालियों के बीच से गुजर रही हैं। पाइपलाइन पुरानी होने के कारण जगह-जगह लीकेज (फूट) हैं, जिससे नालियों का गंदा, काला पानी और कीड़े पेयजल में मिल जाते हैं। निगम अधिकारियों ने मामले में जल्द सुधार की बात कही है।

ऋणी किसानों को फिर दे दिया ऋण मैनेजर व सुपरवाइजर को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए विभिन्न बैंकों से पहले से ही लोन लेकर बैठे किसानों को सहकारी बैंक से भी लोन देने के मामले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की तखतपुर शाखा के मैनेजर व सुपरवाईजर को शोकाज नोटिस जारी किया गया है। इस मामले में उपायुक्त सहकारिता द्वारा जांच कराने व जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद संबंधितों पर कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

- सहकारी बैंक तखतपुर के मैनेजर व सुपरवाइजर से मांगा गया जवाब
- पहले से विभिन्न बैंकों से लोन लेने वाले किसानों को सहकारी बैंक से भी दिया था लोन

शासन द्वारा खरीफ सीजन के शुरूआती दौर में ही किसानों को खाद-बीज की खरीदी एवं जुताई व अन्य जरूरतों की पूर्ति के लिए सहकारी बैंकों के माध्यम से केसीसी लोन वितरित किया जाता है। केसीसी लोन की राशि किसान के पास उपलब्ध भूमि एवं उसके द्वारा जमा किए गए अंशदान पर आधारित होती है। शासन के नियमों के अनुसार किसानों के द्वारा अपनी भूमि के एवज में एक सीजन में केवल एक ही बैंक से केसीसी लोन लिया जा सकता है। तखतपुर क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांवों के ऐसे किसान, जो पहले से ही विभिन्न बैंकों से केसीसी लोन लेकर बैठे थे, उन्हें आपसी सांठगांठ कर सहकारी बैंक से भी लोन स्वीकृत करने की शिकायत की गई थी। उपायुक्त सहकारिता चंद्रशेखर जायसवाल द्वारा इस मामले की जांच विभाग के दो अधिकारियों सहकारिता विस्तार अधिकारी दुर्गेश साहू एवं वरिष्ठ सहकारिता अधिकारी श्री पुरैना के माध्यम से कराई गई थी। जांच के दौरान शिकायत सही पाए जाने के बाद उपायुक्त सहकारिता द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ को पत्र भेजकर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी। इस मामले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित प्रबंधन द्वारा बैंक सेवा नियमों के अनुसार कार्रवाई करते हुए तखतपुर ब्रांच के प्रबंधक एवं सुपरवाईजर को शोकाज नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

की जाएगी कार्रवाई

तखतपुर ब्रांच द्वारा लोनी किसानों को केसीसी से लोन देने की शिकायत की जांच के बाद दोषी पाए जाने के उपरांत उपायुक्त सहकारिता द्वारा संबंधितों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया है। इस संबंध में बैंक सेवा नियमों के अनुसार तखतपुर ब्रांच के मैनेजर एवं सुपरवाईजर को शोकाज नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

-प्रभात मिश्रा, सीईओ
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित

कार की टक्कर से बाइक सवार उछल कर गाड़ी की छत पर गिरा

बिलासपुर। रेज रफ्तार कार चला रहे चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक से उछल कर कार की छत में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अन्नपूर्णा कालोनी गणेश नगर निवासी समीर खान 12 अक्टूबर को दोपहर 3.30 बजे बाइक क्रमांक सीजी 10 एडब्ल्यू 2894 से स्वर्णिमा ऐरा सरकण्डा काम करने जा रहे थे। गीतांजलि सिटी के बाजू में सामने से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 बीई, 1235 के चालक ने तेजी से चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वे उछलकर कार की छत में गिर गए। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए नजदीकी निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

बैंक में बंधक दुकान को 21 लाख रुपए में बेचने वाला व्यापारी गिरफ्तार

बिलासपुर। बैंक में बंधक दुकान को 21 लाख रुपए दूसरे को बेचने वाले व्यापारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, नया रायपुर निवासी बैंक अधिकारी सूरज कुमार पिता कमलेश प्रसाद ने रिपोर्ट लिखाई। विद्यानगर निवासी व्यापारी फनीन्द्र मिश्रा पिता स्व. मूलचंद मिश्रा ने तेलीपारा वृन्दावन काम्प्लेक्स के प्रथम तल में स्थित अपनी दुकान क्रमांक ए - 308 को बैंक आफ इंडिया शाखा व्यापार विहार के पास बंधक रखकर लोन लिया है। जिसमें शर्तें लिखी हैं कि उक्त संपत्ति जब तक बैंक में बंधक है किसी अन्य को बेची नहीं जा सकती है। उसके बाद भी फनीन्द्र मिश्रा ने शर्तों का उल्लघन कर वृन्दावन काम्प्लेक्स की दुकान को बैंक को जानकारी दिए बिना 11 जुलाई 2022 को बबीता बजाज को 21 लाख 11 हजार रुपए बेच दिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर फनीन्द्र मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है।





हड़ताल पर उतरे वीबी-जी रामजी योजना के तकनीकी सहायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वीबी-जी रामजी योजना में कार्यरत तकनीकी सहायक हड़ताल पर उतर आए हैं। अपनी नियमितीकरण सहित समयोजना सेवा शर्तों में सुधार एवं पद परिवर्तन कर कनिष्ठ अभियंता किए जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के सामने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

- नियमितीकरण व पदनाम परिवर्तन की मांग

छग तकनीकी सहायक कर्मचारी संघ की ओर से पूर्व में मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री सहित शासन के मुख्य सचिव को पत्र के माध्यम से अपनी मांगों को पूरा करने की मांग किया जाता रहा है और 12 अक्टूबर तक उनकी मांगों पर किसी तरह की कार्यवाही नहीं होने पर 13 अक्टूबर से वीजी-जी रामजी योजना में कार्यरत तकनीकी सहायक हड़ताल पर चले गए हैं। इसी के तहत आज तकनीकी सहायकों द्वारा जिला स्तर पर रैली निकाली गई और नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट समक्ष प्रदर्शन कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद 15 अक्टूबर को प्रदेश स्तर पर रायपुर में सभी तकनीकी सहायक एकत्रित होंगे और हड़ताल, रैली करेंगे। इन तकनीकी सहायकों की तीन प्रमुख मांगें हैं जिनमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अंतर्गत विकसित भारत वीबी-जी रामजी योजना में कार्यरत समस्त तकनीकी सहायकों का नियमित पद सृजित करते हुए समायोजन किया जाए।

तकनीकी सहायकों ने बताई ये समस्या

तकनीकी सहायकों का कहना है कि वीजी-जी राम जी योजना एक मांग आधारित रोजगार योजना है। लेकिन इसे लक्ष्य आधारित योजना का रूप देकर केवल तकनीकी सहायकों का अनुचित शोषण किया जा रहा है। इसी तरह प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में आवास निर्माण के लिए ग्राम पंचायत से राज्य स्तर पर एक अलग सेटअप है। तकनीकी सहायकों को आवास निर्माण की जिम्मेदारी देकर उनका शोषण किया जा रहा है। महंगाई के इस दौर में तकनीकी सहायक अल्प वेतन में काम कर रहे हैं, किन्तु पिछले तीन साल से महंगाई के अनुरूप वार्षिक वेतन नहीं बढ़ाया जा रहा है। इसी तरह कभी दो माह तो कभी तीन-चार महिने में वेतन दिया जाता है जिसे हर माह दिया जाना चाहिए।

